रांची, मंगलवार । 02 जून 2026 । वर्ष-27, अंक-120, पृष्ठ-12
अधिक ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

**हेमंत सोरेन के औचक निरीक्षण से प्रशासन में मची हलचल**

# सीएम ने कांटाटोली चौक की ट्रैफिक व्यवस्था पर जताई नाराजगी

● कहा- ट्रैफिक प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाए, सड़क अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर अपने औचक निरीक्षण को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बिना पूर्व सूचना के राजधानी रांची की सड़कों पर निकलकर यातायात व्यवस्था और आम लोगों की समस्याओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने भी उनके इस निरीक्षण की पुष्टि करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनता की समस्याओं को नजदीक से समझने और व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानने के लिए स्वयं सड़कों पर उतरे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया 'एक्स' पर जारी संदेश में कहा गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता की तकलीफों को करीब से समझने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इससे पहले भी दिसंबर 2025 और अप्रैल 2026 में उन्होंने इसी तरह अचानक विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर प्रशासनिक व्यवस्था का आकलन किया था। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, रविवार की शाम मुख्यमंत्री अपने कांके रोड स्थित आवास से बिना किसी पूर्व कार्यक्रम के राजधानी की स्थिति का जायजा लेने निकल पड़े। इस दौरान वे अचानक रांची के सबसे व्यस्त यातायात केंद्रों में शामिल कांटाटोली चौक पहुंच गए। यहां उन्होंने यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया और अव्यवस्थित ट्रैफिक तथा सड़क किनारे अवैध पार्किंग को लेकर नाराजगी जताई।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मौके पर मौजूद यातायात पुलिस अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध पार्किंग और यातायात अव्यवस्था के कारण आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को ट्रैफिक प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने तथा सड़क अतिक्रमण

शेष पेज 11 पर



## यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सक्रिय रही पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के औचक निरीक्षण के अगले ही दिन सोमवार को रांची की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आया। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने पुलिस अधीक्षक (यातायात) राकेश सिंह के साथ राजधानी के प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर अंजुमन प्लाजा तक यातायात व्यवस्था, पार्किंग और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े करने वाले चालकों, फुटपाथ और सड़क पर

शेष पेज 11 पर



● एसएसपी व ट्रैफिक एसपी ने अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर अंजुमन प्लाजा तक स्वयं किया निरीक्षण, अवैध पार्किंग व अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई




| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 36.0° | अधिक. 36.0° |
| न्यून. 21.0° | न्यून. 21.0° |

### एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की हुई समीक्षा बैठक

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचे : मुख्यमंत्री

**सीएम ने रोजगार सृजन योजना के लाभार्थियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया संवाद**

**बोले मुख्यमंत्री**

● अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों का संचालन उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए

● आदिवासी हॉस्टलों में स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था हो

● विद्यार्थियों को एसआईआर एवं जनगणना के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम संचालित हो

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं पहलों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति, प्रमुख उपलब्धियों, चुनौतियों तथा भावी कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने योजनाओं के प्रभावी एवं परिणामोन्मुख संचालन पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, समयबद्ध एवं लक्ष्य आधारित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर रहे व्यक्ति तक पहुंचे तथा कोई भी पात्र लाभुक इन योजनाओं से वंचित न रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने विभागीय स्तर पर आपसी समन्वय को और सुदृढ़ करने, योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने तथा जमीनी स्तर पर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में ई-कल्याण पोर्टल के संचालन एवं उसकी प्रभावशीलता, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को दी जा रही सहायता, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जा रही सुविधाओं, साइकिल वितरण योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा परीक्षा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान योजनाओं की वर्तमान प्रगति, लाभुकों की संख्या, क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों तथा उनके समाधान के उपायों पर भी विस्तार से समीक्षा की गई।

सीएम सोरेन ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभान्वित लाभुकों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण, संचालित व्यवसाय, उससे हो रही आय, रोजगार सृजन की स्थिति तथा बैंकिंग प्रक्रियाओं से संबंधित अनुभवों की विस्तृत जानकारी ली।

शेष पेज 11 पर




### विद्यार्थियों को ई-साइकिल उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना तैयार हो

साइकिल वितरण योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान आवश्यकताओं एवं बदलते परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को पारंपरिक साइकिल के स्थान पर ई-साइकिल उपलब्ध कराने के लिए एक समन्वित एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने इस दिशा में कल्याण विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उद्योग विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के दूरस्थ, ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय तक पहुंच एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसी स्थिति में ई-साइकिल जैसी सुविधा उपलब्ध कराना न केवल उनकी शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाएगा, बल्कि उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का लाभ पात्र विद्यार्थियों को समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनकी पढ़ाई किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो।

### भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन कार्यक्रमों को स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों एवं रोजगार की संभावनाओं के अनुरूप पुनर्संरचित एवं सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल औपचारिकता तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, परिणामोन्मुख एवं बाजार की मांग के अनुरूप होने चाहिए, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को वास्तविक रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र विशेष आधारित कौशल प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि उद्योगों, स्थानीय उद्यमों एवं सेवा क्षेत्रों के साथ समन्वय स्थापित कर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए जाएं, जिनसे युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत तुरंत रोजगार या स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

### जिला अस्पतालों में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं

कल्याण विभाग द्वारा संचालित अस्पतालों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच को और बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि रिम्स सहित राज्य के सभी जिला अस्पतालों में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के मरीजों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं। इन हेल्प डेस्क पर संबंधित वर्ग के प्रशिक्षित कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को पंजीकरण, परामर्श, जांच एवं उपचार की प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सहजता से प्राप्त हो सकेगा।

## दृष्टिपात

### पेपर लीक मामले में 6 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में जेल में बंद छह आरोपियों को सोमवार को अदालत से राहत नहीं मिली। रांची के अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद सभी आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों, केस डायरी और आरोपियों के आपराधिक इतिहास का अवलोकन करने के बाद जमानत देने से इनकार कर दिया। मामले में जमानत याचिका दाखिल करने वालों में आशीष कुमार, विकास कुमार, योगेश प्रसाद, रंजीत कुमार उर्फ चुनचुन, गुलाब चंद महतो और बुलबुल पांडे उर्फ राज शामिल हैं।

### खनन प्रभावितों को दिया जाएगा नियमानुसार मुआवजा : मथुरा प्रसाद

**धनबाद।** धनबाद परिसदन में सोमवार को विधानसभा की ध्यान आकर्षण विशेष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। बैठक में खनन परियोजनाओं से प्रभावित रैयत परिवारों को मुआवजा, पुनर्वास और नियोजन उपलब्ध कराने के मुद्दे पर चर्चा हुई। विशेष समिति के अध्यक्ष एवं टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बताया कि समिति का उद्देश्य खनन कार्यों के कारण भूमि गंवाने वाले रैयतों को न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों के भूमि दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## रांची में 30.50 लाख के गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



● आरपीएफ की तीन शाखाओं ने संयुक्त रूप से की यह कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से 61 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार, ऑपरेशन 'नारकोस' के तहत रांची आरपीएफ की फ्लाइंग टीम, आरपीएफ पोस्ट एवं आरपीएफ की अपराध शाखा ने यह कार्रवाई की है।

आरपीएफ के अधिकारियों के अनुसार, रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-3 में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को चार ट्रॉली बैग एवं तीन पिट्ठू बैग के साथ पाया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बैगों में गांजा होने की बात स्वीकार की। ट्रेन के रवाना होने पर सभी संदिग्धों को उनके सामान सहित नामकुम रेलवे स्टेशन पर उतारकर विधिसम्मत जांच की गई। जांच के दौरान आयुष सिंह (22), प्रिंस कुमार (21) एवं अंकित पाठक (19) को गिरफ्तार किया गया।

तीनों बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। इनके पास से 61 किलो गांजा और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। रांची आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त प्रताप सिंह नेगी के निर्देशन में डीडी किट से परीक्षण करने पर बरामद पदार्थ गांजा पाया गया।

शेष पेज 11 पर

## कुमारडुंगी में डायन होने के शक में महिला की गला रेतकर हत्या

● आरोपी गिरफ्तार, पति व परिवार के अन्य सदस्य गांव से बाहर गए थे

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के खंडखोरी गांव में डायन होने के शक में 47 वर्षीया महिला शुरू गोप की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के आरोपी पुडुवा सिंकू उर्फ चौके को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात शुरू गोप अपने घर में छोटे बच्चों के साथ थीं। उनके पति देवेंद्र गोप और परिवार के अन्य सदस्य ओडिशा के गेरेया मंजर गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान गांव निवासी पुडुवा सिंकू उर्फ चौके उनके घर पहुंचा। मृतका के बच्चों ने पुलिस को बताया कि आरोपी हड़िया पिलाने के बहाने उनकी मां को अपने साथ ले गया था। बच्चों के अनुसार, कुछ समय बाद उन्हें अपनी मां की चीख सुनाई दी, लेकिन डर के कारण वे घर के अंदर ही बंद होकर छिपे रहे। रात में जब परिवार के अन्य सदस्य लौटे, तो शुरू गोप घर पर नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने आसपास के इलाकों में उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

सोमवार की सुबह मृतका का बेटा जंगल की ओर दातुन तोड़ने गया था। इसी दौरान उसकी नजर अपनी मां के शव पर पड़ी। शव देखकर उसने परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर कुमारडुंगी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चाईबासा भेज दिया।

शेष पेज 11 पर

## चक्रधरपुर की गुलकेड़ा पंचायत के पूर्व उपमुखिया की हुई हत्या

● घर के आंगन में सो रहे थे, अज्ञात बदमाशों ने कनपटी में मारी गोली

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत गुलकेड़ा पंचायत के पूर्व उपमुखिया संजय बोयपाई (44 वर्ष) की रविवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अपराधियों की तलाश के लिए छापेमारी कर रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, गुईगांव निवासी संजय बोयपाई खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। रविवार रात भोजन के बाद वह अपने घर के आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात दो से तीन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कुछ अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और सोए हुए संजय बोयपाई की कनपटी में गोली मार दी। गोली लगते ही उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलने पर चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया शेष पेज 11 पर

**स्वाद भी, सेहत भी** | एफजेसीसीआई ने किया आम महोत्सव का आयोजन

# खाद्य विरासत को पहचान दिलाना है उद्देश्य : माला

● स्थानीय उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण एवं कृषि आधारित आजीविका को मिला नया मंच

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की ट्राइबल बिजनेस डेवलपमेंट उपसमिति ने सोमवार को चैंबर भवन में 'झारखंड आम महोत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपसमिति की चेयरपर्सन माला कुजूर ने किया। महोत्सव का उद्देश्य झारखंड की समृद्ध आम संस्कृति, स्थानीय किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण उद्यमियों तथा आम आधारित उत्पाद निर्माताओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना था, जहां वे अपने उत्पादों, नवाचारों एवं पारंपरिक कौशल का प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों के साथ आम से निर्मित पारंपरिक एवं नवाचारपूर्ण उत्पादों जैसे अचार, चटनी, आम पापड़, जूस, स्क्वैश तथा अन्य खाद्य उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति, गुणवत्ता एवं रचनात्मकता से उपस्थित अतिथियों एवं निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। महोत्सव का मुख्य संदेश था - 'फ्रॉम मैंगो टू मार्केट, सेलेब्रटिंग इनोवेशन एंड ट्रेडिशन' तथा 'आम जो बनाए आपको खास, स्वाद भी, सेहत भी, समृद्धि भी। ट्राइबल बिजनेस डेवलपमेंट उप समिति की चेयरपर्सन माला कुजूर ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल आम के स्वाद का उत्सव मनाना नहीं था, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण, जनजातीय व्यवसाय, कृषि आधारित आजीविका और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना भी था। प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से बिनिता बोदरा, आरती कुमारी, सुमन देवी, रूपा कुमारी, कुमारी प्रिया, रिंकू मुरारका, सोनी पाठक, भास्कर कच्छप, पूनम सिंह, उषा रानी मिंज एवं संगीता सिंघल सहित अनेक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शेष पेज 11 पर



### भास्कर कच्छप को मिला प्रथम व आरती कुमारी को द्वितीय पुरस्कार

प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार भास्कर कच्छप को प्रथम, आरती कुमारी को द्वितीय, रिंकू मुरारका को तृतीय तथा सोनी पाठक को चतुर्थ पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ शिवेंद्र कुमार, एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अवनि कुमार सिंह, डॉ प्रेरणा ने प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं पुरस्कार प्रदान किए। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने, किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा झारखंड की समृद्ध खाद्य एवं कृषि विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की जज अलीशा गौतम उरांव थीं।

### सीएम ने की परिवहन तथा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा, कहा

# भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को प्राथमिकता दें

## नागरिकों को भूमि क्रय से पूर्व पूरी जानकारी उपलब्ध कराने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में परिवहन विभाग तथा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली, योजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने आमजन को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने हेतु तकनीक का व्यापक उपयोग करें। उन्होंने परिवहन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा भूमि संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में भूमि अभिलेखों के व्यापक एवं चरणबद्ध डिजिटलीकरण को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर आम नागरिकों को भूमि क्रय से पूर्व संबंधित भूमि की स्थिति के संबंध में संपूर्ण एवं अद्यतन जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। नागरिक यह जान सकेंगे कि संबंधित भूमि सरकार द्वारा अधिग्रहण/अर्जन की प्रक्रिया में है, अधिग्रहित की जा चुकी है अथवा पूर्णतः मुक्त है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खासमहल भूमि से संबंधित लीज नवीनीकरण, लीज हस्तांतरण तथा भूमि के प्रयोजन परिवर्तन (चेंज ऑफ लैंड यूज़) की प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में जटिलताओं के कारण आमजनों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसे दूर करना आवश्यक है। इस दिशा में सभी प्रक्रियाओं का मानकीकरण करते हुए उन्हें ऑनलाइन एवं ट्रैकिंग-आधारित प्रणाली से जोड़ने पर भी बल दिया गया, ताकि आवेदनों की स्थिति की निगरानी सुगमता से की जा सके।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य सड़क सुरक्षा परिषद एवं जिला सड़क सुरक्षा समितियों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इन संस्थाओं की भूमिका को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जाए। साथ ही, जनजागरूकता अभियान, दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान एवं सुधार तथा नियमों के सख्त अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

वाहन परीक्षण एवं स्क्रैपिंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सरकारी परिसरों में खड़ी अनुपयोगी वाहनों के निस्तारण हेतु एक ठोस मॉडल विकसित किया जाए, जिससे राजस्व सृजन हो सके। उन्होंने वाहनों का श्रेणीवार वर्गीकरण, प्रत्येक विभाग में वाहनों की उपयोगिता का आकलन तथा नीलामी की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, खराब एवं पुलिस मामलों से संबंधित वाहनों के निपटान हेतु कानूनी प्रावधानों के अनुरूप ठोस रणनीति बनाने को कहा, ताकि थाना परिसरों की साफ-सफाई सुनिश्चित हो सके। बैठक में विभागीय मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, विभागीय सचिव राजीव रंजन सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पंचायत स्तर पर ड्राइविंग लाइसेंस कैंप और बेहतर सड़क नेटवर्क पर जोर

परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलावार मैपिंग, रूट चार्ट निर्माण एवं सड़क नेटवर्क के विकास पर जोर दिया गया। रांची स्मार्ट सिटी में विकसित किए जा रहे ट्रैफिक पार्क के प्रजेंटेशन का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह पार्क आमजन, विशेषकर बच्चों और युवाओं को मनोरंजन के माध्यम से यातायात नियमों, संकेतों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# वेतन न मिलने से नाराज रिम्स के कर्मियों ने निदेशक कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**







**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के कर्मचारी महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में आंदोलन पर उतर आए हैं। उन्होंने सोमवार को निदेशक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।

नर्सिंग और पारा मेडिकल कर्मियों ने रिम्स प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द वेतन भुगतान तथा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है।

संस्थान के 1,500 से अधिक स्थायी कर्मचारी इस स्थिति से प्रभावित हैं। कर्मियों के अनुसार, वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार का खर्च चलाने, बच्चों की फीस जमा करने और बैंक ऋण की किस्तें चुकाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि फिलहाल उन्होंने कार्य बहिष्कार नहीं किया है। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्डों और अन्य आवश्यक सेवाओं में कर्मचारियों की तैनाती जारी है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर कई बार प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि रिम्स में कार्यरत पीजी प्रथम वर्ष के कई जूनियर डॉक्टरों को पिछले लगभग छह महीने से स्टाइपेंड का भुगतान नहीं किया गया है।

वेतन भुगतान के अलावा कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और उससे संबंधित विसंगतियों को दूर करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि इस संबंध में कई बार आश्वासन दिए गए, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जा सकता है।

### राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक : राफिया नाज



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड की वर्तमान स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि राज्य के सरकारी अस्पतालों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है, जिस कारण आम जनता को बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। राफिया नाज ने हाल ही में जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में हुई एक दुखद घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बच्चे की मृत्यु के बाद उसके पिता को स्ट्रेचर और शव वाहन तक नसीब नहीं हुआ। उन्होंने राज्य के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान, रिम्स की स्थिति पर भी चिंता जताई, जहां अग्रिम मोर्चे पर तैनात नर्स और अन्य कर्मचारी कथित तौर पर मानदेय व वेतन से जुड़ी समस्याओं को लेकर आंदोलनरत हैं। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार, ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में डॉक्टरों व तकनीशियनों के हजारों पद रिक्त होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र महज रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं। अस्पतालों में एम्बुलेंस की कमी, दवाओं की किल्लत और जांच उपकरणों के खराब होने से गरीब मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने विभागीय प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्री से इन व्यवस्थागत कमियों पर तुरंत ध्यान देने और रिम्स सहित सभी प्रमुख सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार के लिए उच्च स्तरीय कदम उठाने की मांग की है। भाजपा ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषय पर किसी भी प्रकार की प्रशासनिक शिथिलता स्वीकार्य नहीं है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था पर भाजपा अपने 20 वर्षों का हिसाब दे : कांग्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रवक्ता के बयान को तथ्यहीन, भ्रामक और राजनीतिक निराशा का परिचायक बताते हुए कहा कि भाजपा को स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाने से पहले यह बताना चाहिए कि राज्य में स्वास्थ्य ढांचे की जर्जर स्थिति की नींव किसने रखी थी। सिन्हा ने कहा कि आज जिन अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों की बात भाजपा कर रही है, उनमें से अधिकांश की दुर्दशा भाजपा शासनकाल की देन है। सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, नए डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति करने, मेडिकल कॉलेजों का विस्तार करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लगातार प्रयास किया है। उन्होंने ने कहा कि किसी भी दुखद घटना पर राजनीति करना भाजपा की पुरानी आदत रही है। यदि कहीं कोई कमी या लापरवाही सामने आती है तो सरकार उसे गंभीरता से लेकर सुधार की दिशा में कार्रवाई करती है, लेकिन भाजपा का उद्देश्य समाधान नहीं बल्कि संवेदनशील मुद्दों पर सस्ती राजनीति करना है। सिन्हा ने भाजपा को याद दिलाया कि केंद्र में पिछले 12 वर्षों से उनकी सरकार है। देशभर में स्वास्थ्य बजट का जीडीपी के अनुपात में हिस्सा अब भी बेहद कम है। दवाओं, जांच और इलाज की बढ़ती लागत ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। झारखंड सहित पूरे देश में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी का बड़ा कारण केंद्र सरकार की नीतिगत विफलताएं भी हैं।

# कोडरमा के छात्रों की समस्याओं को लेकर सीएम से मिलीं अन्नपूर्णा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कोडरमा के हजारों छात्र-छात्राओं को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से हस्तांतरित कर सर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से संबद्ध किए जाने के कारण उत्पन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पूर्व में भी पत्राचार एवं मुलाकात के माध्यम से इस विषय को राज्य सरकार के समक्ष रखा जा चुका है तथा उन्हें पूर्ण विश्वास है कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार सकारात्मक पहल करेगी।

मुलाकात के दौरान राज्य में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सहित केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

### धीरज प्रसाद साहू बने इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**नई दिल्ली/रांची।** पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से श्रमिक वर्ग में उत्साह का माहौल है।

### प्रदेश कांग्रेस की नवगठित मीडिया टीम का प्रशिक्षण शिविर कल

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवगठित मीडिया टीम को धारदार और पेशेवर बनाने के लिए आगामी 3 जून को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रांची स्थित प्रेस क्लब में दिन के 10 बजे से किया जा रहा है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि इस कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू और केशव महतो कमलेश के साथ-साथ मीडिया जगत के कई वरिष्ठ विशेषज्ञ नए सदस्यों को ट्रेनिंग देंगे।

## राज्यसभा चुनाव में महागठबंधन दोनों सीटें जीतेगा : कैलाश यादव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता कैलाश यादव ने आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर दावा किया है कि महागठबंधन के पास पर्याप्त संख्या बल है और वह दोनों सीटों पर आसानी से जीत दर्ज करेगा। रविवार को जारी बयान में कैलाश यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का राजनीतिक इतिहास हमेशा से धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट करने और सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ संघर्ष करने का रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में राजद महागठबंधन सरकार का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार के गठन तथा सेक्युलर वोटों को एकजुट करने में पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यादव ने कहा कि राजद की विचारधारा सामाजिक न्याय, राज्य के समग्र विकास, संस्कृति के संरक्षण तथा गरीब, मजदूर, किसान और युवाओं के हितों की रक्षा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा जनहित के मुद्दों पर मजबूती से खड़ी रही है।

राज्यसभा चुनाव में भाजपा द्वारा उम्मीदवार उतारने की संभावनाओं पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है। इसके बावजूद उम्मीदवार खड़ा करने का प्रयास राजनीतिक गणित के अनुरूप नहीं दिखता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धनबल और अन्य अलोकतांत्रिक तरीकों का सहारा लेने का प्रयास कर सकती है, लेकिन महागठबंधन ऐसी किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने देगा।

# जनता के बीच जाने के लिए भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के पास आज जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे हर छोटी-बड़ी घटना का राजनीतिकरण करने पर उतारू हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी दिन-रात राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हैं, जबकि भाजपा केवल झूठ और अफवाहों की फैक्ट्री चला रही है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल या रिम्स की जिन इक्का-दुक्का घटनाओं का जिक्र भाजपा प्रवक्ता कर रही हैं, उन पर स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत संज्ञान लिया है। हमारी सरकार जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। भाजपा की तरह हम मामलों को दबाते नहीं, बल्कि समाधान करते हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि रिम्स या अन्य अस्पतालों के कर्मियों के वेतन और मानदेय के मुद्दों को सरकार प्राथमिकता के आधार पर सुलझा रही है। पिछली भाजपा सरकार ने तो स्वास्थ्यकर्मियों को सिर्फ लाठियां और सस्पेंशन दिया था, जबकि हमारी सरकार संवाद और उनके हक की बहाली पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में राज्य के सदर अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और रिम्स की सूरत बदली है। मुफ्त दवाओं का दायरा बढ़ाया गया है, नए उपकरण और जांच मशीनें स्थापित की जा रही हैं। खाली पड़े डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के पदों को भरने के लिए युद्ध स्तर पर नियुक्तियां की जा रही हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता को बयानबाजी करने से पहले केंद्र सरकार से पूछना चाहिए कि झारखंड के हिस्से का एम्स और अन्य केंद्रीय स्वास्थ्य फंड समय पर क्यों नहीं जारी किए जाते? झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने वाली भाजपा आज किस मुंह से स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठा रही है?


### आदित्य साहू ने नितिन नवीन से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष से झारखंड से संबंधित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

# जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम की मांग तेज, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा, झारखंड प्रदेश ने आगामी जनगणना 2026-27 के प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम शामिल करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक ज्ञापन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मांग की कि मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री से मिलकर जनगणना प्रपत्र में अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) की तरह ओबीसी वर्ग के लिए भी पृथक कॉलम सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर ज्ञापन झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय को सौंपा गया। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज की आवाज लगातार उठाई जा रही है और राज्य सरकार सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी आरक्षण से जुड़े प्रस्ताव विधानसभा से पारित होकर केंद्र को भेजे जा चुके हैं, लेकिन लंबित हैं। ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा 30 अप्रैल 2025 को जातिगत जनगणना की घोषणा तो की गई है, लेकिन जनगणना प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम नहीं दिया गया है, जबकि यह वर्ग देश की बड़ी आबादी का हिस्सा है। इस दौरान महासचिव विद्याधर प्रसाद ने मांग की कि झारखंड में ओबीसी आरक्षण को जनसंख्या अनुपात के अनुसार 52 प्रतिशत किया जाए तथा विभिन्न जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल किया जाए। महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला यादव ने कहा कि जब पशु, पक्षी और ट्रांसजेंडर तक की गणना हो चुकी है, तो ओबीसी की अलग गिनती न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं पिछड़ा वर्ग से आते हैं, इसलिए इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है। इस मौके पर कई संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे और ओबीसी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

**संबोधन**

### मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के प्रथम ग्रेजुएशन समारोह में शामिल हुए राज्यपाल, कहा

# चिकित्सा मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम, डॉक्टरों में करुणा जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**भारतीय परंपरा में चिकित्सक को भगवान के समान माना गया है और चिकित्सा सेवा मानवता की सेवा का संकल्प है।**

**रांची/जमशेदपुर।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जमशेदपुर स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) के प्रथम ग्रेजुएशन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। एक चिकित्सक के पास केवल उपचार करने की क्षमता ही नहीं होती, बल्कि वह रोगी को आशा, विश्वास और जीवन देने की शक्ति भी रखता है।

राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर उनके वर्षों के परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और सेवा-भाव का उत्सव है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान का पहला ग्रेजुएशन समारोह विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह केवल एक बैच की सफलता नहीं, बल्कि संस्थान की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और भविष्य की दिशा का प्रतीक होता है। उन्होंने कहा कि संस्थान की प्रथम बैच की जिम्मेदारी सबसे अधिक होती है, क्योंकि इन्हीं विद्यार्थियों के प्रदर्शन से संस्थान की पहचान और प्रतिष्ठा निर्मित होती है। राज्यपाल ने कहा कि टाटा स्टील और मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन का संयुक्त प्रयास चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट समन्वय का प्रेरणादायी उदाहरण है। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में, जहां बड़ी आबादी ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में निवास करती है, वहां गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में चिकित्सक को भगवान के समान माना गया है और चिकित्सा सेवा मानवता की सेवा का संकल्प है।

राज्यपाल ने आधुनिक तकनीकों का उल्लेख करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स और डिजिटल हेल्थकेयर चिकित्सा क्षेत्र को नई दिशा दे रहे हैं। ऐसे समय में चिकित्सा संस्थानों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान, अनुसंधान क्षमता और नवाचार की दृष्टि से सशक्त बनाएं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश "विकसित भारत 2047" के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और आयुष्मान भारत तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसे प्रयास स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।

राज्यपाल ने नवस्नातक चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और प्रतिभा का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए नहीं, बल्कि समाज और मानवता की सेवा के लिए करें। उन्होंने विश्वास जताया कि मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज आने वाले वर्षों में चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा तथा देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

## बूथों पर बीएलए-2 व 10 सदस्यीय बूथ कमेटी गठन का निर्देश

- **रांची जिला संयोजक मंडली ने विभिन्न प्रखंडों के लिए केंद्रीय सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत जिले के सभी प्रखंडों में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में बीएलए-2 एवं 10 सदस्यीय बूथ कमेटियों के गठन का अभियान शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में विभिन्न प्रखंडों के लिए केंद्रीय सदस्यों एवं जिला संयोजक मंडली के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांके स्थित मेडोस बैंक्विट हॉल में आयोजित बैठक में रांची जिला संयोजक मंडली, सभी 18 प्रखंड समितियों के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रत्येक बूथ पर बीएलए-2 और 10 सदस्यीय बूथ कमेटी के गठन को प्राथमिकता देते हुए कार्ययोजना तैयार की गई। निर्णय के अनुसार बुढ़मू एवं कांके प्रखंड की जिम्मेदारी पवन जेड़िया और सोनू मुंडा को, इटकी प्रखंड की जिम्मेदारी समनुर मंसूरी को, जबकि सिल्ली, सोनाहातू एवं राहे प्रखंड की जिम्मेदारी अश्विनी शर्मा एवं झब्बू लाल महतो को सौंपी गई है। इसी प्रकार अन्य प्रखंडों के लिए भी अलग-अलग नेताओं को दायित्व दिया गया है। निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि सभी केंद्रीय सदस्य एवं जिला संयोजक मंडली के सदस्य संबंधित प्रखंड पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करें।

## पंचशील नगर में जल-जमाव के स्थायी समाधान को लेकर रांची नगर निगम की कार्रवाई

# तकनीकी सर्वे का काम युद्धस्तर पर जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आगामी मॉनसून को देखते हुए वार्ड संख्या-32, पंचशील नगर में जल-जमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए रांची नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। नगर आयुक्त के निर्देश के बाद क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।

नगर निगम की स्वच्छता शाखा द्वारा बड़े नाले सहित जाम नालियों की सफाई के लिए 15 सफाई मित्रों की विशेष टीम तैनात की गई है। इसके साथ ही बड़े नाले की व्यापक सफाई हेतु पोकलेन मशीन लगाई गई है। पिछले तीन दिनों में लगभग 30 ट्रैक्टर गाद निकालकर नालों की जलधारण क्षमता बढ़ाने का कार्य पूरा किया गया है।

इसके अलावा सुपर सकर मशीन के माध्यम से जाम नालियों की सफाई की जा रही है, जबकि आवश्यकता अनुसार मैनुअल सफाई कार्य भी लगातार जारी है, ताकि जल प्रवाह में किसी प्रकार की बाधा न रहे।

निरीक्षण के दौरान चिन्हित अतिक्रमण एवं अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई तेज कर दी गई है। नगर निवेशक शाखा द्वारा शनिवार को 23 भवनों को नोटिस जारी किया गया, जबकि इनफोर्समेंट टीम ने नालियों के ऊपर बने लगभग 6 अस्थायी ढांचों को हटाया है। क्षेत्र में विस्तृत सर्वेक्षण (मापी) कार्य भी कराया जाएगा, जिसके आधार पर दीर्घकालिक समाधान की योजना तैयार की जाएगी। अभियंत्रण शाखा द्वारा स्थल का तकनीकी मूल्यांकन कर समग्र कार्ययोजना बनाई जा रही है, ताकि भविष्य में जल-जमाव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि आगामी वर्षा ऋतु में पंचशील नगर सहित शहर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।




पंचशील नगर को बरसात में डूबने से बचाने और एनएच 75 बंद होने से रोकने के लिए चलने लगा बुलडोजर। उल्लेखनीय है कि **नवीन मेल** इस मुद्दे को अभियान की तरह चलाया था और अब पहली बार पंडरा नदी पर अतिक्रमण के रूप चिन्हित 23 अवैध भवनों को अंतिम नोटिस दिया गया है।

## मॉनसून से पहले रांची नगर निगम का विशेष अभियान तेज

# शहर के 139 स्थानों पर पेड़ों की हुई छंटाई, 46 जर्जर पेड़ हटाए गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आगामी मॉनसून को देखते हुए रांची नगर निगम ने शहर में पेड़ों की छंटाई एवं जर्जर पेड़ों को हटाने का विशेष अभियान तेज कर दिया है। निगम की हॉर्टिकल्चर शाखा राजधानी की हरियाली को संरक्षित रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है।

तेज आंधी, बारिश और खराब मौसम के दौरान सूखी शाखाओं या कमजोर पेड़ों के गिरने से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उप नगर आयुक्त के नेतृत्व में हॉर्टिकल्चर शाखा की टीम एवं गार्डन अधीक्षक सभी वार्डों में नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। टीम द्वारा सूखे, कमजोर और जोखिमपूर्ण पेड़ों के साथ-साथ लटकती शाखाओं की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

निगम के अनुसार मई माह में विशेष अभियान चलाकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 139 स्थलों पर पेड़ों की छंटाई की गई, जबकि 46 सूखे एवं गिरे हुए पेड़ों को सुरक्षित रूप से हटाया गया। अभियान के दौरान पीस रोड, लालपुर, सूचना भवन परिसर, सखुआ बागान, धुर्वा ओल्ड विधानसभा क्षेत्र, बड़ा घाघरा, खादगढ़ा बस स्टैंड, कचहरी चौक, अशोक नगर, रातू रोड, डोरंडा, एजी मोड़, हरमू बायपास रोड, जेएससीए स्टेडियम क्षेत्र, चडरी तालाब, ईस्ट जेल रोड, क्लब रोड, मोराबादी, हिनू और कांके रोड समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य किया गया।



मॉनसून के दौरान संभावित खतरों को कम करने के लिए जून एवं जुलाई माह हेतु भी विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है।

## गीले कूड़े से बनेगी हरित ऊर्जा, 20 वार्डों में शुरू होगा अभियान

**रांची।** रांची नगर निगम ने शहर को स्वच्छ, हरित और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए गीले कूड़े (ऑर्गेनिक वेस्ट) के वैज्ञानिक प्रबंधन और स्रोत पृथक्करण को मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल शुरू की है। इस संबंध में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ मेसर्स स्वच्छता कॉरपोरेशन, गेल इंडिया लिमिटेड, पीएमसी, स्वच्छता समन्वयक एवं स्वच्छता अधीक्षक शामिल हुए। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर में उत्पन्न गीले कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण और अधिकतम संग्रहण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थापित बायोगैस प्लांट के सुचारू संचालन और हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में शुद्ध और पृथक ऑर्गेनिक कूड़ा उपलब्ध कराना जरूरी है।

उन्होंने निर्देश दिया कि स्रोत पृथक्करण को केवल प्रशासनिक प्रक्रिया न मानकर इसे जन-आंदोलन का रूप दिया जाए, ताकि नागरिक भी स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल रांची के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकें।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी एमआरएफ केंद्रों की संयुक्त निगरानी के लिए गेल इंडिया, स्वच्छता कॉरपोरेशन और पीएमसी की टीम गठित की जाएगी, जो कूड़े की गुणवत्ता और पृथक्करण की नियमित जांच करेगी।

## डॉ अजय को मंत्री बनने पर मारवाड़ी सम्मेलन ने दी बधाई

- **डॉ पोद्दार ने 70 के दशक में रांची के राजस्थान छात्रावास में रहकर शिक्षा प्राप्त की: सुरेश चंद्र अग्रवाल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने पश्चिम बंगाल के कुल्टी विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजय पोद्दार को पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल में मंत्री बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल,वरीय उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन तथा संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से शुभकामना देते हुए कहा कि डॉ अजय पोद्दार को मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलना उनके लंबे जनसेवा कार्यों, कुशल नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक दक्षता तथा समाज के प्रति समर्पण का सम्मान है। सम्मेलन पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ पोद्दार ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में सदैव जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनकी कार्यशैली, दूरदर्शी सोच तथा विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के कारण उन्हें जनता का व्यापक समर्थन एवं विश्वास प्राप्त हुआ है। मंत्री पद पर उनकी नियुक्ति न केवल पश्चिम बंगाल बल्कि संपूर्ण मारवाड़ी समाज एवं झारखंड के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ अजय पोद्दार अपने कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के विकास और प्रगति को नई गति प्रदान करेंगे तथा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान देंगे। साथ ही वे अपने नए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज के सभी वर्गों के कल्याण एवं जनसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे। सम्मेलन पदाधिकारियों ने यह भी उल्लेख किया कि डॉ अजय पोद्दार का झारखंड, विशेषकर रांची से पुराना एवं आत्मीय संबंध रहा है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 1970 के दशक में उन्होंने रांची स्थित राजस्थान छात्रावास में रहकर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त की थी। छात्र जीवन से ही वे अनुशासन, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते रहे हैं। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने डॉ अजय पोद्दार के उज्ज्वल, सफल एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल की कामना करते हुए आशा व्यक्त की है कि वे अपनी कार्यकुशलता, अनुभव और समर्पण से पश्चिम बंगाल को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



## डीसी का जनता दरबार एक बार फिर आमजनों के लिए राहत

# दिव्यांगों के चेहरे पर खिली मुस्कान उपायुक्त ने दी इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल

- **कार्य में लापरवाही पर बेड़ो अंचल निरीक्षक एवं कर्मचारी को शोकॉज**
- **सरेंडर करनेवाले नक्सली की पत्नी को 4 डिसिमल भूमि आवंटित**

**नवीन मेल संवाददता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री का जनता दरबार एक बार फिर आमजनों के लिए राहत, भरोसे और त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई का मंच साबित हुआ। जनता दरबार में जहां जरूरतमंदों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई। वहीं सरकारी कार्यों में लापरवाही और अनावश्यक विलंब पर प्रशासन का सख्त रुख भी देखने को मिला। विभिन्न प्रखंडों और अंचलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जि उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिये तथा कई मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराई।



बेड़ो प्रखंड निवासी 25 वर्षीय आकाश उरांव, जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं और चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं, अपने भाई की गोद में बैठकर जनता दरबार पहुंचे थे। स्नातक शिक्षित आकाश की समस्या सुनते ही मंजूनाथ भजन्त्री ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें राज्य सरकार की इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल उपलब्ध करायी। जनता दरबार से लौटते समय आकाश स्वयं इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल पर सवार होकर निकले। इस सहायता से भावुक हुए उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

बेड़ो के ही 67 वर्षीय दिव्यांग बालकिशुन साहू को भी जनता दरबार में राज्य सरकार की इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल प्रदान की गई। अपनी बेटी और नाती के साथ पहुंचे बालकिशुन साहू ने कहा कि यह सहायता उनके दैनिक जीवन को काफी आसान बनाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जनता दरबार में बेड़ो निवासी माधुरी तिर्की ने म्यूटेशन से जुड़ी समस्या रखते हुए बताया कि एलआरडीसी कोर्ट के आदेश के बावजू द उनका नामांतरण नहीं किया जा रहा है और उन्हें लगातार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, मंजूनाथ भजन्त्री ने तत्काल अंचल अधिकारी, बेड़ो से दूरभाष पर बात कर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अंचल निरीक्षक एवं कर्मचारी को शोकॉज करने के निर्देश दिये तथा लंबित मामले का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

### जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशील रहें

जनता दरबार में पूर्व में आवेदन देने वाली ठाकुरमनी देवी को भी महत्वपूर्ण राहत मिली। ठाकुरमनी देवी के पति ने नक्सली गतिविधियों को छोड़कर आत्मसमर्पण किया था। सरकार द्वारा भूमि बंदोबस्ती भी की गयी थी, लेकिन संबंधित भूमि रहने योग्य न कहकर उन्होंने वैकल्पिक भूमि आवंटन हेतु आवेदन दिया था। जिला प्रशासन की पहल पर आज उन्हें नगड़ी मौजा में 04 डिसमिल भूमि आवंटित की गयी। भूमि बंदोबस्ती से संबंधित दस्तावेज प्राप्त करते हुए उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने दें।

## जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची अराधना: संजय सर्राफ



- **आश्रम में दिव्यांग, मंदबुद्धि निराश्रितों की सेवा एवं कराया गया भोजन**

**नवीन मेल संवाददता**

**रांची।** पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में अन्नपूर्णा सेवा अभियान के तहत आश्रम में रह रहे दिव्यांग, निराश्रित एवं जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।इस दौरान आश्रम के 48 दिव्यांग एवं निराश्रित प्रभुजनों तथा उनकी सेवा में जुटे सेवादारों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 16 से 31 मई तक 16 दिनों के विशेष सेवा अभियान के दौरान कुल 3560 निराश्रित प्रभुजनों एवं सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि इस सेवा कार्य में समाज के कई लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया। कुछ लोगों ने स्वयं भोजन सेवा का दायित्व निभाया, जबकि कई लोगों ने आश्रम में रह रहे निराश्रितों, मंदबुद्धि एवं जरूरतमंद लोगों के लिए खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराईं।

## सामूहिक दुष्कर्म कांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र स्थित जोगो पहाड़ पर एक विक्षिप्त युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 27 मई को हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शनि लोहरा, विशाल तिर्की और राहुल लोहरा के रूप में हुई है। तीनों आरोपी मिसिर गोंदा क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के बाद विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय स्तर पर जुटाए गए सुरागों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

## भक्ति के साथ मनाया गया श्री धोली सती दादी जी का उत्सव

- **महिला समिति ने किया मंगल पाठ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर रांची के लालपुर चौक स्थित साकेत सर्राफ के आवास में भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण वातावरण में श्री धोली सती दादी महिला समिति द्वारा श्री धोली सती दादी जी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दादी जी के विशेष श्रृंगार और दिव्य स्वरूप के दर्शन से हुई। फूलों से सजे आकर्षक स्वरूप को देखकर श्रद्धालुओं में गहरी भक्ति और उत्साह देखने को मिला। इसके पश्चात सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने पूरी निष्ठा के साथ दादी जी की महिमा का गुणगान किया।

समिति की सदस्या शशि सर्राफ और सविता सर्राफ सहित अन्य महिलाओं ने भक्ति भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान गाए गए भजनों ने श्रद्धालुओं के मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने दादी जी के चरणों में आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ किया गया।



### आज / कल




## दृष्टिपात

### शिक्षकों ने समर्पण के साथ की सेवा : डीसी



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को 17वें पेंशन दरबार-सह-सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सेवानिवृत्त शिक्षकों से कहा आप सभी शिक्षकों ने शिक्षा के पवित्र क्षेत्र में निष्ठा, धैर्य और समर्पण के साथ सेवा की है। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया, बल्कि हजारों बच्चों के भविष्य को आकार दिया, उनके सपनों को पंख दिए और समाज को बेहतर नागरिक दिए। आपका यह योगदान अमूल्य है।

### बेटियां बनेंगी आत्मनिर्भर, 30 छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति



**रांची।** रंगों के माध्यम से बेटियों को आत्मनिर्भर बना रही कलाकृति। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन (एनजीओ) के द्वारा डोरंडा कन्या पाठशाला प्रांगण में सामाजिक दायित्व एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत "पेंट योर फ्यूचर" कला छात्रवृत्ति हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। दो चरणों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में विद्यालय की लगभग 600 छात्राओं में से चयनित 80 छात्राओं ने प्रतिभा खोज परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के आधार पर 30 छात्राओं का चयन कर उन्हें एक वर्षिय चित्रकला प्रशिक्षण हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### निर्माण के दौरान यातायात को सुव्यवस्थित रखें : डीसी

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को रांची में बन रहें कनेक्टिंग फ्लावर निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक किया। बैठक में निर्माण कार्य के दौरान यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने पर जोर दिया गया। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा आम जनता को न्यूनतम परेशानी हो, इसके लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाए। निर्माण स्थल पर पर्याप्त साइनेज, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# ब्राउन शुगर के साथ मां-बेटे समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर स्थित करम चौक में छापेमारी कर पुलिस ने मां-बेटे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 16.43 ग्राम ब्राउन शुगर की 159 पुड़िया, तीन स्मार्टफोन और 7,320 रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

### अनिकेत अग्रवाल की गिरफ्तारी से खुला राज

एसएसपी की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया कि 31 मई 2026 को रोड नंबर-06, विद्यानगर, करम चौक इलाके में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस उपाधीक्षक हटिया के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी की।

इस दौरान पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे अनिकेत अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। अनिकेत के पास से 20 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। गिरफ्तार अनिकेत अग्रवाल की उम्र 23 वर्ष है। उसके पिता प्रमोद कुमार अग्रवाल, मां सिमेंट गली, नमन विद्या स्कूल के पास, विद्यानगर, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। बरामद पुड़ियों का कुल वजन 2.05 ग्राम पाया गया है।



### अनिकेत की निशानदेही पर पकड़े गए मां-बेटे

अनिकेत की निशानदेही पर पुलिस ने रोड नंबर-06, विद्यानगर, करम चौक निवासी कुसुम चौबे और उनके पुत्र अंकुश चौबे को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान कुसुम चौबे के पास से 49 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई। इसका वजन 4.94 ग्राम है। वहीं अंकुश चौबे के पास से 45 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई, वजन 4.65 ग्राम है। इसके अलावा उनके घर की अलमारी में रखे एक भूरे रंग के पर्स से 45 पुड़िया ब्राउन शुगर (4.79 ग्राम) और बरामद हुई।

### हरमू मैदान से भी तस्कर की गिरफ्तारी

रांची। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अरगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरमू मैदान के पास अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। सूचना के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा बाहर से लाकर ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही थी, जिससे क्षेत्र के युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (नगर) के निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक हटिया के नेतृत्व में अरगोड़ा थाना पुलिस की एक विशेष छापामारी टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हरमू क्षेत्र में छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया और उसके पास से अवैध ब्राउन शुगर बरामद की गई। इस संबंध में अरगोड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान संदीप डे (उम्र लगभग 34 वर्ष), पिता संजय डे, निवासी गुप्ता तिलकुट भंडार के सामने, बाजार हरमू, थाना अरगोड़ा, जिला रांची के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में अभियुक्त के पास से 3.54 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# जेईई एडवांस्ड में डीपीएस का शानदार प्रदर्शन, स्नेहल राज सिंह बने स्कूल टॉपर

● 50 से अधिक विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता, स्नेहल की ऑल इंडिया रैंक 635 और कैटेगरी रैंक 107 है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र स्नेहल राज सिंह ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 635 तथा कैटेगरी रैंक 107 प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। विद्यालय के अन्य सफल विद्यार्थियों में शिवम कुमार सिंह (एआईआर 2031), धैर्य सिंह(एआईआर 4843), अक्षत ओम (एआईआर 6640), आमिर फैसल (एआईआर 9783), केशव बजाज (एआईआर 9790) सहित कई विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। सूची में अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस्ड 2026 में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार परिणामों का संकलन अभी जारी है, इसलिए सफल विद्यार्थियों की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का परिणाम है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग ने विद्यार्थियों को सफलता की राह दिखाई। प्राचार्या ने कहा कि यह शानदार प्रदर्शन विद्यालय की मजबूत शैक्षणिक संस्कृति, अनुशासित शिक्षण वातावरण और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे और समाज तथा राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## 3000 लीटर क्षमता की मिल्क कूलर का लोकार्पण



**रातू।** प्रखंड अंतर्गत सोमवार को विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर गड़री दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड में 3000 लीटर क्षमता के बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) का लोकार्पण एवं संचालन शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त उद्घाटन झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश गुप्ता तथा निदेशक गव्य, गव्य विकास निदेशालय झारखंड संजीव कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक ने सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने का आह्वान किया। वहीं निदेशक गव्य ने राज्य सरकार की पशुपालन एवं दुग्ध विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर किसानों में विशेष उत्साह देखा गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह बीएमसी क्षेत्र के दुग्ध व्यवसाय को नई दिशा देगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा। कार्यक्रम में उपनिदेशक मनोज तिवारी, संयुक्त निदेशक त्रिशुल सिंह, किसान प्रतिनिधि भावेश्वर शाही सहित बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसान, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दृष्टिपात

### नहीं रहे गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता व खूंटी के समाजसेवी आदित्य प्रसाद साहू



**खूंटी।** गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता, केंद्रीय रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष, अखाड़ा के उस्ताद रहे आदित्य प्रसाद साहू का निधन रविवार की देर रात रिम्स में इलाज के दौरान हो गया। आदित्य प्रसाद के निधन की खबर मिलते ही सोमवार की सुबह उनके डीएवी रोड स्थित आवास पर लोगों की भीड़ लग गई। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता आदित्य प्रसाद पिछले कई महीनों से बीमार थे। स्थानीय तजना मुक्ति धाम में सोमवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे झारखंड प्रदेश कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समिति, अखिल विश्व गायत्री परिवार खूंटी शाखा, केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी, चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े थे। आदित्य प्रसाद के निधन पर शोक करते हुए केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष अनूप साहू और महामंत्री जितेंद्र कश्यप ने कहा कि है आदित्य प्रसाद केंद्रीय रामनवमी महासमिति के उस्ताद रहे तथा सनातन धर्म के हमेशा हितचिंतक और बूढ़ा महादेव के अन्य भक्त थे। वे नागपुरी भाषा के कवि और जानकार थे। आदित्य प्रसाद साहू के निधन पर पद्मभूषण कड़िया मुंडा, सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भाजपा के जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

### मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन में पैसे मांगने का आरोप, सेविका को शो-काज का निर्देश

**खलारी।** प्रखंड अंतर्गत लपरा पंचायत के हेसालौंग गांव की आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी पर मंइयां सम्मान योजना के लाभुकों से सत्यापन के नाम पर पैसे लेने का आरोप लगा है। इस मामले को लेकर सोमवार को पंचायत की मुखिया पुतुल देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव अम्बष्ट से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई। मुखिया ने आरोप लगाया कि योजना की कई महिला लाभुकों ने शिकायत की है कि सेविका प्रत्येक सत्यापन के लिए 200 रुपए की मांग कर रही है। इसके अलावा जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के नाम पर भी आवेदकों से 700 रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक लिए जाने की शिकायत मिली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीडीओ कार्यालय में मौजूद पंचायत सचिव रिशु कुमारी ने भी इस संबंध में शिकायत मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बीडीओ प्रणव अम्बष्ट ने पंचायत सचिव को आरोपी सेविका को शो-काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि यदि लाभुकों से राशि ली गई है तो उसे वापस कराया जाए तथा भविष्य में ऐसी शिकायत दोबारा नहीं होने का आश्वासन लिया जाए। वहीं, आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी लाभुक पर पैसे देने का दबाव नहीं बनाया है। जन्म प्रमाणपत्र के मामले में आवेदकों द्वारा नोटरी से शपथ पत्र बनवाने के लिए खर्च किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदक से व्यक्तिगत रूप से कोई राशि नहीं मांगी गई है।

### खलारी प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित, 50 लोगों ने किया रक्तदान




**खलारी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय खलारी परिसर में सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। गर्मी के मौसम में रक्त की कमी को देखते हुए रिम्स ब्लड बैंक के आग्रह पर 'रक्तदान महादान टीम' एवं 'लापता हेल्प डेस्क' खलारी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव अम्बष्ट तथा खलारी थाना प्रभारी पुनि रामकुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बीडीओ प्रणव अम्बष्ट ने कहा कि रक्तदान मानवता और संवेदनशीलता से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि इससे न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचती है, बल्कि रक्तदाता भी स्वस्थ रहता है। रिम्स ब्लड बैंक के डा उमेशकुमार सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम में पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी, पीएचसी खलारी के चिकित्सा प्रभारी डा इरशाद, पंकज प्रसाद, मुन्नु शर्मा, मुखिया पुतुल देवी, तेजी किस्पोट्टा, मलका मुंडा, शैलेश सिंह, आलोक चौहान, दीपक प्रसाद, संतोष सिंह, बीपीओ विनय कुमार, आदित्यनाथ झा, विकास कुमार, योगेश कुमार, अभिषेक चौहान, संजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### बिलासपुर मंडल के नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य स्थगित होने से यात्रियों को राहत

**रांची।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्रस्तावित विकास कार्य के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पूर्व में रद्द की गई ट्रेनों का परिचालन अब पुनः बहाल कर दिया गया है। रेलवे ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य स्थगित कर दिया गया है। इसके बाद पूर्व में रद्द घोषित सभी ट्रेनों को उनके निर्धारित दिनों में सामान्य समय-सारणी के अनुसार संचालित करने का निर्णय लिया गया है।इन ट्रेनों में ट्रेन संख्या 22845 पुणे–हटिया एक्सप्रेस और 22846 हटिया–पुणे एक्सप्रेस, 22357/22358 गया–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 17321/17322 वास्को द गामा–जसीडीह एक्सप्रेस, 17005/17006 हैदराबाद–रक्सौल एक्सप्रेस, 17007/17008 चर्लपल्ली–दरभंगा एक्सप्रेस, 13425/13426 मालदा टाउन–सूरत एक्सप्रेस तथा 12811/12812 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–हटिया एक्सप्रेस शामिल हैं। रेलवे ने कहा है कि इन सभी ट्रेनों का परिचालन 9 जून से 15 जून 2026 के बीच अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा।

### रांची रेल मंडल की कई ट्रेनों में स्थायी रूप से बढ़े कोच

**रांची।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनों में स्थायी रूप से कोच संयोजन में वृद्धि की गई है। रेलवे के अनुसार यह परिवर्तन विभिन्न तिथियों से प्रभावी होगा।
संशोधित व्यवस्था के तहत ट्रेन संख्या 18603 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में कोच की संख्या 17 से बढ़ाकर 21 कर दी गई है, जो 6 जून 2026 से लागू होगी। इसी तरह 18604 गोड्डा-रांची एक्सप्रेस में भी कोच संयोजन में वृद्धि की गई है। ट्रेन संख्या 18619 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में कोच संख्या 20 से बढ़ाकर 22 की गई है, जो 5 जून 2026 से प्रभावी होगी। वहीं 18620 गोड्डा–रांची एक्सप्रेस में भी इसी तिथि से बदलाव लागू रहेगा। रांची-चोपन एक्सप्रेस (18631/18632) में भी कोच संख्या बढ़ाकर 14 से 18 कर दी गई है, जिसमें स्लीपर और एसी कोच जोड़े गए हैं। यह बदलाव 5-6 जून 2026 से प्रभावी होगा। इसी तरह रांची–सासाराम एक्सप्रेस (18635/18636) में एक अतिरिक्त चेयर कार कोच जोड़ा गया है, जिससे कुल कोच संख्या 15 हो गई है। रांची–आरा एक्सप्रेस (18640) में भी कोच संयोजन बढ़ाकर 15 से 20 कर दिया गया है, जिसमें स्लीपर और एसी कोचों में वृद्धि की गई है।

## सिल्ली में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन आज

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड एवं अंचल कार्यालय से संबंधित विभिन्न जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और आम जनता को उनके अधिकार दिलाने के उद्देश्य से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा सिल्ली विधानसभा द्वारा मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में "जन समस्या समाधान शिविर" का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष एवं सिल्ली विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं को सुनेंगे और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान की दिशा में पहल करेंगे। शिविर में आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मंईयां सम्मान योजना, मनरेगा, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, भूमि मापी, सीमांकन, लगान रसीद, एलपीसी तथा किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न लंबित मामलों पर सुनवाई की जाएगी। आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आवेदन, रसीद और आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करें, ताकि मामलों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी व्यक्ति का आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित है या उसे बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, तो ऐसे मामलों को गंभीरता से उठाया जाएगा।

## टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य व चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**पिपरवार।** पिपरवार पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इनमें प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एक सक्रिय सदस्य तथा गृहभेदन (चोरी) कांड का एक फरार आरोपी शामिल है। दोनों गिरफ्तारियां टंडवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल द्वारा की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी संगठन का सक्रिय सदस्य एवं पिपरवार थाना कांड संख्या 55/23 का आरोपी एजाज अंसारी उर्फ राजू अंसारी उर्फ एजाजुल उर्फ रियाजुल अंसारी (33 वर्ष), पिता मो. जमाल अंसारी, ग्राम मुरपा, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार अपने गांव आया हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध पिपरवार थाना कांड संख्या 55/23 सहित कई संगीन मामले दर्ज हैं। उसके आपराधिक इतिहास में कांके थाना कांड संख्या 217/21, कांके थाना कांड संख्या 226/21 तथा आरपीएफ-टूरी (डालटनगंज नगर) कांड संख्या 15/2012 भी शामिल हैं।

## रोलिंग ब्लॉक के कारण 3 से 6 जून तक कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के तहत रोलिंग ब्लॉक लिए जाने के कारण रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर–हटिया–खड़गपुर एक्सप्रेस का परिचालन 3, 5 और 6 जून 2026 को प्रभावित रहेगा। इन तिथियों में यह ट्रेन आद्रा स्टेशन पर ही आंशिक रूप से समाप्त एवं प्रारंभ होगी। जबकि आद्रा–हटिया–आद्रा के बीच ट्रेन का परिचालन रद्द रहेगा। इसी तरह ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस का मार्ग 2, 3 और 6 जून 2026 को परिवर्तित रहेगा। यह ट्रेन निर्धारित मार्ग चांडिल–पुरुलिया–कोटशिला–मूरी के बजाय परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मूरी होकर चलेगी।

## दिशा समिति की बैठक में कोयलांचल की समस्याएं उठीं

# बचरा में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग

● अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग पर उपायुक्त ने जीएम से प्रगति की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिपरवार।** चतरा समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सोमवार को चतरा सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 24 दिसंबर 2025 को आयोजित दिशा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विभागवार समीक्षा की गई तथा विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के पिपरवार सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह ने कोयलांचल क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बचरा में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग रखते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के लिए क्षेत्र के विद्यार्थियों को दूर-दराज के शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अलावा नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, पिपरवार थाना को नए भवन में स्थानांतरित करने, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभुकों को गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्यटन स्थलों के विकास तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं पर भी चर्चा की। समीक्षा बैठक के दौरान पूर्व की दिशा बैठक में उठाए गए मुद्दों पर हुई कार्रवाई की जानकारी भी दी गई। बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग पर उपायुक्त रवि आनंद ने जीएम पिपरवार सुजीत कुमार से प्रगति की जानकारी ली। इस पर जीएम ने सीसीएल मुख्यालय एवं सीएमडी स्तर पर पहल कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इसके अलावा बैंक ऑफ इंडिया में आधार सेवा केंद्र खोलने, डीएवी बचरा में आरटीई के तहत नामांकन सुनिश्चित कराने तथा बचरा उच्च विद्यालय को मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए विभागीय अनुशंसा भेजने संबंधी जानकारी भी साझा की गई।
बैठक में उपायुक्त रवि आनंद, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, डीडीसी अमरेंद्र सिन्हा, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, नगर परिषद अध्यक्ष अताउर रहमान, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, एसडीओ जहूर आलम, एसडीपीओ सन्नी वर्धन, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह, डीएसई, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जीएम पिपरवार सुजीत कुमार, जीएम आम्रपाली संजीव कुमार, एसओसी कुंदन कुमार, विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में सांसद, तीनों विधायकों, हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत अनुपालन प्रतिवेदनों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

## बेड़ो में कल पड़हा जतरा सह सभा का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के बारीड़ीह पड़हा बगीचा में 3 जून को 37वें वार्षिक राजकीय पड़हा जतरा सह सभा का भव्य आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय पड़हा संचालन समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस विशाल समारोह में लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना है।कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद सुखदेव भगत तथा पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में नेपाल, असम और ओडिशा के पड़हा राजा भी भाग लेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद् डॉ दिवाकर मिंज कार्यक्रम को संबोधित करेंगे, जबकि अध्यक्षता नीलमणि भगत करेंगी। इस दौरान सभी पड़हा राजा पारंपरिक प्रतीकों जैसे काठ के हाथी-घोड़े, रम्पा, चम्पा, टेंगरी छाता, झंडा, ढोल-नगाड़ा और खोड़हा नृत्य मंडली के साथ जतरा में शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगे।
राजकीय दर्जा मिलने के बाद इस जतरा के आयोजन का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है, जिससे इसकी भव्यता और व्यापकता और बढ़ गई है।

## शहद उत्पादन से ग्रामीण महिलाएं हो रहीं सशक्त : मित्तल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने हनी माइग्रेशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हनी वैल्यू चेन परियोजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन व विपणन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। वे सोमवार को रांची जिले के नगड़ी व इटकी प्रखंड अंतर्गत हनी वैल्यू चेन परियोजना के तहत गठित झारखंड मधु आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ी आजीविका सखी मंडल की मधु पालक दीदियों द्वारा संचालित हनी माइग्रेशन सेंटर का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आय के अवसर मिल रहे हैं।
उन्होंने शहद की पैकेजिंग व्यवस्था व हनी बॉक्स का अवलोकन किया। व्यवसाय की विभिन्न बारीकियों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि उत्पाद की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उसे निरंतर बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही झारखंड में उत्पादित शहद को अन्य राज्यों के बाजारों तक पहुंचाने और इस व्यवसाय का विस्तार करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाओं को रोजगार व आय के अवसर प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर हनी वैल्यू चेन परियोजना के एएपीएम संजय दास, जीपीएम अभिषेक चांद समेत अन्य मौजूद थे।

**अपराध**

## अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सीआईएसएफ ने चलाया अभियान

# चोरी का प्रयास किया विफल, 100 लीटर डीजल बरामद

● सीसीएल प्रबंधन के अनुसार बरामद डीजल का मूल्य लगभग 14,700 रुपये आंका गया है

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिपरवार।** सीआईएसएफ यूनिट सीसीएल एनके एवं पिपरवार की क्राइम एंड इंटेलिजेंस विंग (सीआईडब्ल्यू) ने रविवार रात डीजल चोरी के एक प्रयास को विफल करते हुए लगभग 100 लीटर डीजल बरामद किया है। इस कार्रवाई के बाद अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के बीच हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में डीजल चोरी एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सीआईएसएफ द्वारा लगातार विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कमांडेंट अमित कुमार के निर्देशन में सीआईडब्ल्यू की विशेष टीम को रोहिणी ओबी डम्प क्षेत्र में तैनात किया गया था। टीम में निरीक्षक राजेश कुमार सरोज, उप निरीक्षक अनिल राय समेत अन्य जवान शामिल थे।
रविवार रात करीब नौ बजे निगरानी के दौरान टीम को क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दीं। इसके बाद सीआईएसएफ जवानों ने रणनीतिक तरीके से घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान घटनास्थल से दो प्लास्टिक गैलनों में रखा लगभग 100 लीटर डीजल बरामद किया गया। सीआईएसएफ टीम की मौजूदगी का आभास होते ही डीजल चोरी में शामिल असामाजिक तत्व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।
बरामद डीजल को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद रोहिणी परियोजना के प्रोजेक्ट इंजीनियर मो. जुनैद अख्तर को सुपुर्द कर दिया गया। सीसीएल प्रबंधन के अनुसार बरामद डीजल का मूल्य लगभग 14,700 रुपये आंका गया है। सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि कमांडेंट अमित कुमार के नेतृत्व में क्राइम एंड इंटेलिजेंस विंग खदान क्षेत्रों, डंपिंग यार्डों, कोयला परिवहन मार्गों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रख रही है। नियमित गश्त एवं विशेष अभियानों के कारण कोयला, डीजल एवं अन्य राष्ट्रीय संपत्तियों की चोरी की घटनाओं में कमी आई है। कमांडेंट अमित कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय संपत्तियों की सुरक्षा सीआईएसएफ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चोरी, तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। सीआईएसएफ की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हुई है तथा अवैध कारोबार में लगे लोगों के बीच भय का माहौल बना है।

### हत्या की आशंका के बाद जांच के लिए एसआईटी गठित

# पांच दिन से लापता भाई-बहन के शव मिले

- कटकमदाग थाना क्षेत्र से 27 मई को लापता हुए 12 वर्षीय तमन्ना परवीन और उसके तीन वर्षीय भाई रिजवान की तलाश की जा रही थी

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र से पांच दिन पहले लापता हुए सगे भाई-बहन के शव अलग-अलग स्थानों से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि दोनों की हत्या की गई है। हजारीबाग के एसपी ने मामले की तहकीकात के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। फॉरेंसिक और तकनीकी विशेषज्ञों की टीमों को भी जांच में लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, कटकमदाग थाना क्षेत्र से 27 मई को लापता हुए 12 वर्षीय तमन्ना परवीन और उसके तीन वर्षीय भाई रिजवान की तलाश की जा रही थी। इस बीच रविवार की देर रात तमन्ना का शव शहर के कोर्रा थाना क्षेत्र स्थित सिंदूर नदी से बरामद किया गया। इसके बाद सोमवार दोपहर को उसके भाई रिजवान का शव भी सिंदूर इलाके के एक कुएं से मिला। बच्चों के लापता होने के बाद उनके पिता ने कटकमदाग थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस और परिजन लगातार उनकी तलाश में जुटे थे। हालांकि, दोनों बच्चों के शव मिलने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी गहरा आक्रोश और चिंता है। बताया गया है कि पीड़ित परिवार मूलरूप से उत्तर प्रदेश का निवासी है और हजारीबाग में खिलौने बेचकर अपना गुजर-बसर करता है। बच्चों की मौत से परिवार सदमे में है। पीड़ित परिवार का कहना है कि बच्चों की गुमशुदगी की सूचना देने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। यदि समय पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई की गई होती तो दोनों जीवित होते। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने तत्काल विशेष जांच के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

## जलजमाव और नाली निर्माण की अनदेखी के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन



**रामगढ़।** रामगढ़ वार्ड नंबर 6 स्थित टीचर्स कालोनी में सड़क और नाली निर्माण की मांग स्थानीय निवासियों द्वारा लगातार की जा रही थी। लेकिन मांग नही माने जाने से आक्रोशित होकर सोमवार को छावनी परिषद कार्यालय के समक्ष पहुंची और आक्रोश प्रदर्शन किया। कर्मचारियों द्वारा अधिशासी अधिकारी के व्यस्त होने और अपनी मांग को अधीनस्थ अधिकारियों के पास रखने की बात कहे जाने पर महिलाएं आक्रोश व्यक्त करने लगीं, जिसके बाद अधिशासी अधिकारी ने उन्हें अपने ऑफिस में बुलाया और विस्तार पूर्वक उनकी बात को सुना। उपस्थित महिलाओं से छावनी परिषद के फंड से उक्त स्थल पर नाली निर्माण का वायदा किया जिसके बाद महिलाएं शांतिपूर्वक वापस चली गईं। महिलाओं का नेतृत्व कर रही साधना चौधरी ने बताया कि वार्ड नंबर 6 के निवासीयों द्वारा सड़क और नाली की मांग को लेकर गत वर्ष भी छावनी परिषद को लिखित आवेदन दिया था।

## पटलेनगर खटाल में दूध व्यवसायियों की हुई बैठक



**भुरकुंडा।** पटलेनगर स्थित खटाल परिसर में क्षेत्र के दूध व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता यदुवीर राय और संचालन बिजली राय ने किया। बैठक में दूध, खोवा एवं पनीर के मूल्य में वृद्धि करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने कहा कि पिछले कई वर्षों में पशु चारा, भूसा, खल्ली, दाना तथा अन्य आवश्यक सामग्रियों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जबकि दूध एवं दुग्ध उत्पादों के दाम में लगभग पांच वर्षों से कोई वृद्धि नहीं की गई है। इससे दूध व्यवसायियों के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बढ़ती लागत को देखते हुए दुग्ध उत्पादों की नई दरें लागू की जाएंगी। तय किए गए नए मूल्य के अनुसार गाय का दूध 60 रुपये प्रति किलोग्राम, भैंस का दूध 70 रुपये प्रति किलोग्राम, खोवा 340 रुपये प्रति किलोग्राम तथा पनीर 340 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जाएगा। दूध व्यवसायियों ने कहा कि बढ़ती महंगाई और उत्पादन लागत को देखते हुए यह निर्णय आवश्यक हो गया था। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नई दरें जल्द ही तत्काल प्रभाव से लागू होंगी और सभी व्यवसायी निर्धारित मूल्य पर ही उत्पादों की बिक्री करेंगे।

### उपायुक्त ने केंद्रीय कारा व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

# मूल सुविधाएं सुनिश्चित करने का अधिकारियों को निर्देश

- डीसी ने पुनर्वास योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमंत सती ने सोमवार को लोकनायक जयप्रकाश केंद्रीय कारा, ओपन जेल सह पुनर्वास केंद्र तथा निर्माणाधीन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने केंद्रीय कारा में सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं बंदियों के पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने तथा। ओपेन जेल सह पुनर्वास केंद्र में बंदियों के कौशल विकास, स्वरोजगार एवं पुनर्वास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने पुनर्वास योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उपायुक्त ने संबंधित एजेंसियों एवं अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी तथा लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## जनहित के मुद्दों पर पूर्व विधायक ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

**चौपारण।** पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने रविवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को उठाते हुए प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने हाल ही में सांसद एवं विधायक द्वारा किए गए चार सड़क परियोजनाओं के शिलान्यास पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इन योजनाओं की स्वीकृति उनके विधायक कार्यकाल में मिली थी। जिसे डेढ़ वर्ष बाद शिलान्यास कर वर्तमान जनप्रतिनिधि इसे अपनी उपलब्धि बता वाहवाही लूट रहे हैं। पूर्व विधायक ने चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था पर चिंता जताते हुए अस्पताल प्रभारी एवं चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अकेला ने भगहर पंचायत सहित कई गांवों में अवैध महुआ शराब निर्माण और तस्करी का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही जंगलों में बड़े पैमाने पर हो रही अवैध लकड़ी कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए वन विभाग और प्रशासन से संयुक्त अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने चोरदाहा चेकपोस्ट पर कथित अवैध वसूली, अवैध बालू खनन एवं परिवहन के मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की।

## बलकुदरा में सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध, मापी कार्य रुकवाया



- पूर्व विधायक अंबा प्रसाद तथा बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा की उपस्थिति में ग्रामीणों ने आपबीती सुनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**भुरकुंडा।** पीवीयूएनएल कंपनी द्वारा बलकुदरा ऐश डैक से राख-छाई के परिवहन के लिए प्रस्तावित सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण का विरोध करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी स्थिति में उक्त सड़क का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि बिना पूर्व सूचना के बासल थाना के समीप अंचल निरीक्षक पतरातू द्वारा जमीन सर्वेक्षण एवं मापी का कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिलते ही वे एकजुट होकर मौके पर पहुंचे और सर्वेक्षण कार्य का विरोध करने लगे। पूछताछ करने पर अधिकारियों ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर पीवीयूएनएल कंपनी को ऐश डैक से राख-छाई निकालने हेतु सड़क निर्माण के लिए आवश्यक भूमि का आकलन किया जा रहा है तथा यह रिपोर्ट तैयार की जा रही है कि सड़क निर्माण में कितने घर और कितनी जमीन प्रभावित होगी। यह जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई और उन्होंने मापी कार्य को तत्काल रुकवा दिया। इसके बाद सोमवार को पूर्व विधायक अंबा प्रसाद तथा बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा की उपस्थिति में ग्रामीणों ने अपनी आपबीती सुनाई और सड़क निर्माण का विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित सड़क बनने से कई परिवारों के घर उजड़ जाएंगे। साथ ही सड़क के समीप स्थित सरकारी विद्यालय और आम लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न होगा। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान से सड़क गुजरने की योजना है, वहां पहले से ही तीखा मोड़ है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। भारी वाहनों के आवागमन से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जनहित और सुरक्षा को देखते हुए वे सड़क निर्माण का विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में उपायुक्त एवं अंचल कार्यालय को आवेदन देकर सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन में राजाराम प्रसाद, आदित्य नारायण साहू, महेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, रतन प्रसाद, सुरेश साहू, विनय प्रसाद, मनोज प्रसाद, ललित प्रसाद, गणेश जाधव, चरण उरांव, राजू प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद, इकबाल हुसैन, गणेश मुंडा, राजेश सिंह, पिंटू सिंह, राजू उरांव, प्रवीण प्रसाद, विकास प्रसाद, अनीता देवी, बालो देवी, शांति देवी, सोनी देवी, मधु देवी, रोशनी आरा, रुक्मणी कुमारी, कंचन देवी, शीला देवी, सविता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## सौन्दा डी पंचायत को बचाने के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक



- मुखिया ने कहा- पंचायत के अस्तित्व और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी को एक मंच पर आने की जरूरत है

**नवीन मेल संवाददाता**

**भुरकुंडा।** पंचायत बचाव संघर्ष समिति के तत्वावधान में सौन्दा डी पंचायत के विभिन्न वार्डों में ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों को उनके अधिकारों एवं पंचायत की एकजुटता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया उपेंद्र शर्मा ने की, जबकि संचालन संजय यादव ने किया। ग्राम सभा के दौरान समिति के सदस्यों ने जयनगर, आजाद नगर, कालीबस्ती और हुसैनी नगर क्षेत्रों में घर-घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया। इस दौरान महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को पंचायत के हित में एकजुट रहने तथा अपने हक और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया गया। मुखिया उपेंद्र शर्मा ने कहा कि सौन्दा डी पंचायत के अस्तित्व और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी को एक मंच पर आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा तथा पंचायत को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के बहकावे, अफवाह या प्रलोभन में नहीं आने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पंचायत से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में ग्रामीणों की भागीदारी और जागरूकता ही सबसे बड़ी ताकत है। ग्राम सभा को सफल बनाने में सुशील सिंह, उपमुखिया संजय भारती, उमेश साव, दीपक कुमार, वार्ड सदस्य सुबोध रजक, स्वयंसेवक संतोष रजक, रविंद्र कुमार, डब्ल्यू खान, राजकुमार राम, कमलेश गुप्ता, सिकंदर भुइयां, राजेश भुइयां, मनोज भुइयां सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## दृष्टिपात

### डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र रौशन कुमार को जेईई एडवांस में 5514 वां रैंक मिला



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से +2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष जेईई एडवांस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र रौशन कुमार ने 5514 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। विद्यालय निदेशक डॉ. आई. पी. भारती ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय के प्राचार्य सायन मुखर्जी ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करेंगे। इस सफलता पर बधाई देने वाले शिक्षकों में रामनन्दन कुमार, मुरलीधर महतो, कुलदीप पासवान, रवि कुमार आदि शामिल हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले को लेकर पीड़िता ने एफआईआर कराई दर्ज



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया गांव में एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़िता ने 29 मई को बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराई है। प्राथमिकी में लिखा कि 12 मई की रात को ग्राम गयपहाडी निवासी पंकज पंडित पिता निरंजन कुम्हार ने घर में घुसकर कर जबरन मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस बाबत पुलिस ने बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 87/26 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इसकी जांच पड़ताल शुरू किया। शनिवार को बरकट्ठा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी पंकज पंडित को कपका गांव में उसके एक रिस्तेदार के घर से पकड़कर हजारीबाग सेंट्रल जेल भेज दिया। जबकि पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल जांच एवं 164 का बयान न्यायालय में दर्ज कराई है।

### चेक डैम के पास चक्कर आने से प्रौढ़ व्यक्ति घायल, इलाज के दौरान मौत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी निवासी रामचंद्र ठाकुर 50 वर्ष, चेचकपी नदी की ओर सुबह 7:00 बजे शौच के लिए गए थे। इस क्रम में चेक डैम पर क्रॉस करने के दौरान उन्हें अचानक चक्कर आया और डैम में गिरकर बेहोश हो गये।तत्पश्चात इसकी सूचना मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को मिली तो उन्होंने तुरंत घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा इलाज के लिए भेजा। वहीं गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया, जहां से रांची रिम्स में रेफर किया गया। रिम्स में इलाज के दौरान शनिवार रात्रि 8:00 बजे उनका निधन हो गया। मौत की सूचना मिलते हैं परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि मृतक ईमानदार और मिलनसार व्यक्ति थे। उनके जाने से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### मतदान केंद्रों पर भूमिका एवं दायित्वों की दी जाएगी जानकारी : बीडीओ



**बरही।** आज नगर भवन बरही में पूर्वाह्न 11 बजे से भारतीय जनता पार्टी की बूथ लेवल एजेंट -2 (बीएलए) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस बाबत बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जयपाल महतो ने बताया कि उप निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के बीएलए-2 का प्रशिक्षण पूर्वाह्न 11 बजे से नगर भवन, बरही में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बीएलए का प्रशिक्षण पूर्व में संपन्न हो चुका है। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी राजनीतिक दलों से अपने-अपने बीएलए की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया था। जिन दलों द्वारा सूची उपलब्ध कराई गई है, उनके बीएलए के लिए अलग-अलग तिथियों पर प्रशिक्षण निर्धारित किया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि यह निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है, जिसकी जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान बूथ लेवल एजेंटों को मतदान केंद्रों पर उनकी भूमिका, दायित्व, मतदाता सूची से संबंधित कार्यों तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। उन्होंने भाजपा के अधिकारयों व प्रतिनिधियों को अपने बीएलए की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि निर्वाचन कार्यों का संचालन नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रभावी ढंग से किया जा है।

### आपसी समझ और संवाद से ही मजबूत होगा परिवार : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड स्थित जेंडर रिसोर्स सेंटर (गरिमा केंद्र) में होन्हे गांव के एक पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे घरेलू विवाद एवं घरेलू हिंसा मामले का आपसी सहमति के आधार पर सफलतापूर्वक समाधान कराया गया। गरिमा केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा आपसी बातचीत, समझाइश एवं सामाजिक समन्वय के माध्यम से समझौता कराया गया। बैठक के दौरान दोनों पक्षों को परिवार की महत्ता, आपसी विश्वास, सम्मान एवं शांतिपूर्ण वातावरण में जीवन यापन करने की सलाह दी गई। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद, हिंसा एवं तनाव से दूर रहकर परिवार और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मिल-जुलकर रहने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि समाज में बढ़ते पारिवारिक विवाद चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में बातचीत और समझदारी ही सबसे बड़ा समाधान है। उन्होंने कहा कि गरिमा केंद्र महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ परिवारों को टूटने से बचाने का भी कार्य कर रहा है। समाज में शांति, सम्मान एवं आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए इस तरह के प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस बीपीएम समिहा नाज ने कहा कि घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता और संवाद बेहद जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं किसी भी समस्या की स्थिति में गरिमा केंद्र से संपर्क करने की अपील की।

## धर्म-कर्म

### मतकमा में भक्तिभाव के साथ मंडा पूजा संपन्न, छऊ नृत्य व मेला में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

# दहकते अंगारों पर चले भोक्ता, शिवभक्ति का दिया परिचय

- शिवभक्ति में लीन श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** श्रीश्री शिव मण्डा पूजा समिति मतकमा के तत्वावधान में प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को मण्डा पूजा श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष शौर्य प्रसाद कुशवाहा और राजेंद्र मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंडा पूजा के दौरान 45 भोक्ता और 75 सोक्ताईनों ने दहकते अंगारों पर चलकर और बनस झूला पर झूलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा का परिचय दिया। शिवभक्ति में लीन श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर मेले में समां बांध दिया। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की तथा विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया। मेले में लगे झूले का बच्चों के साथ-साथ बड़े-बुजुर्गों ने भी भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मंडा पूजा हमारी संस्कृति, परंपरा और लोक आस्था का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस प्रकार के पारंपरिक पर्व हमारी पहचान हैं और युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है, साथ ही क्षेत्र में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। मंडा पूजा को संपन्न कराने में समिति के संयोजक राकेश कुमार कुशवाहा, मनोज मुंडा, सह संयोजक अधिवक्ता धनंजय प्रसाद यादव, समाजसेवी सरयू मुंडा, दशरथ महतो, संरक्षक छोटेलाल मुंडा, रामदेव मुंडा, हीरालाल महतो, बालेश्वर यादव, प्रभात यादव एवं कपिल यादव, समिति के अध्यक्ष जोगेंद्र मुंडा, सचिव विकास मुंडा, कोषाध्यक्ष अनीश मुंडा, गुरु बाबा दिनेश गिरी, फूलसुसारी नारायण गोप, पटभोक्ता जगतपाल करमाली, पाहन हिमेश मुंडा तथा मुखिया विकास कुमार नायक, जुगेश मुंडा, संजीत मुंडा, भुवनेश्वर मुंडा, संत मुंडा, दीपक मुंडा, रामवृक्ष मुंडा, विकास कुमार, विजय मुंडा सहित दर्जनों सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## 30 जून तक लगेगा लोक कल्याण मेला

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 1 जून 2026 से 30 जून 2026 तक नगर भवन परिसर, सिमडेगा में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में नगर परिषद सिमडेगा के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य पथ विक्रेताओं को सूक्ष्म ऋण सुविधा उपलब्ध कराना, डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।उन्होंने बताया कि मेले के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नए आवेदनकर्ताओं का पंजीकरण, स्वीकृत ऋणों का वितरण, बैंक से लौटे आवेदनों का पुनः संचालन, लंबित आवेदनों की स्वीकृति में सहायता तथा डिजिटल ऑनबोर्डिंग के माध्यम से लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा। इसके अलावा, एफएसएसएआई के सहयोग से स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

# समाज के विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और एकता भी है जरूरी : जोसिमा खाखा

- सेवई टेनाटोली में मारिया प्रोसेशन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** प्रखंड के सेवई टेनाटोली में मारिया प्रोसेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र मिस्सा बलिदान से हुई। जिसकी अगुवाई फा. एमानियुल बघवार एवं फा. टोबियस टोप्पो ने की। उन्होंने विश्वासियों को माता मरियम के आदर्शों पर चलने तथा प्रेम, सेवा और भाईचारे का संदेश अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य सह कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने कहा कि माता मरियम त्याग, समर्पण और विश्वास की प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और आपसी एकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से बच्चों को बेहतर शिक्षा देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मिलकर कार्य करने की अपील की। जोसिमा खाखा ने सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और गांव-गांव पहुंचकर लोगों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार पहल की जा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख सुशीला देवी, मुखिया सावित्री देवी, पूर्व मुखिया शंकर महली, पंसस प्रतिमा कुजूर, वार्ड सदस्य क्लारा, वार्ड सदस्य शशि बाड़ा, विनीता, स्वर्णलता, मुक्ता समद, एनएसयूआई अध्यक्ष विवेक एक्का, प्रदीप जॉन टोप्पो, प्रदीप टोप्पो, लॉरबर्डा टोप्पो, बिनोद यादव, कुंवर, संगीता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## विकास सेवा केन्द्र फाउंडेशन का कार्यक्रम आयोजित, 25 कर्मियों को मिला नियुक्ति पत्र

**कुरडेग।** विकास सेवा केन्द्र फाउंडेशन के तहत सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश एवं गौरती केरकेट्टा का स्वागत गीत एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।मुख्य अतिथियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना, महिलाओं को निःशुल्क पैड वितरण करना तथा गरीब और असहाय बच्चों को ट्यूशन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। साथ ही संस्था बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने का भी कार्य करेगी।कार्यक्रम के दौरान संस्था में कार्यरत 25 कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर राधा देवी, दीक्षा कुमारी, अनुपा खलखो, अशोक साय, मनोज साय, सुचिता लकड़ा सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## आज से सिमडेगा में शुरू होगा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**सिमडेगा।** अधिक मास के पावन अवसर पर मारवाड़ी महिला मंडल, सिमडेगा के तत्वावधान में 2 जून से 9 जून तक आनंद भवन धर्मशाला में सार्वजनिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।आयोजकों ने बताया कि कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं श्रीमद्भागवत के आध्यात्मिक संदेशों से अवगत कराया जाएगा। नौ दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जून को प्रातः 9 बजे देवों की पंचांग पूजन एवं कलश स्थापना के साथ होगा। इसके बाद पूर्वाह्न 11 बजे राम-जानकी मंदिर से आनंद भवन धर्मशाला तक श्रीमद्भागवत जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।आयोजकों के अनुसार 2 जून से 9 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।मारवाड़ी महिला मंडल ने नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। श्रद्धालुओं का मानना है कि अधिक मास में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का विशेष आध्यात्मिक महत्व होता है, जिससे जीवन में सुख, शांति और सकारात्मकता का संचार होता है।

## एसआईआर के तहत चल रहे मतदाता सत्यापन एवं मैपिंग कार्य का जोसिमा ने लिया जायजा



**सिमडेगा।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चल रहे मतदाता मैपिंग एवं सत्यापन कार्य का जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीरू, बिंधाईनटोली, खूंटीटोली सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर चल रहे कार्यों की जानकारी ली। जोसिमा खाखा ने कहा कि मतदाता सूची में नाम का सही तरीके से दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन मतदाताओं का नाम अनमैप्ड सूची में है, वे बिना देर किए अपने संबंधित बूथ पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ सत्यापन कराएं। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज होना चाहिए और इसके लिए सभी को जागरूक होकर सहयोग करना होगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए अफवाहों से दूर रहने और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने की सलाह दी। मौके पर उन्होंने बीएलओ से भी मुलाकात की तथा उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए और सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया। जिस पर जोसिमा खाखा ने संबंधित अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# तम्बाकू निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली, लोगों को तंबाकू छोड़ने का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को सदर अस्पताल परिसर से तम्बाकू निषेध जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. आनंद खाखा ने हरी झंडी दिखाकर की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, नर्सिंग स्टाफ, छात्र-छात्राएं और अन्य कर्मी मौजूद रहे रैली सदर अस्पताल परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करती रही। प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां और बैनर लेकर "तंबाकू छोड़ो, जीवन बचाओ", "स्वस्थ जीवन अपनाओ" जैसे संदेश दिए। रैली के माध्यम से लोगों से धूम्रपान, गुटखा, खैनी और अन्य तंबाकू उत्पादों से दूरी बनाने की अपील की गई।इस मौके पर डॉ. आनंद खाखा ने कहा कि तंबाकू सेवन आज गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। इसके कारण कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी और कई अन्य जानलेवा बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू के कारण कैंसर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो चिंता का विषय है। स्वास्थ्य विभाग तंबाकू के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने और बढ़ते कैंसर मामलों को रोकने का प्रयास कर रहा है।स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और तंबाकू मुक्त समाज बनाने में सहयोग करने की अपील की।

# 2018 में बनी जलमीनार दो वर्षों से बंद पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में घर-घर जल नल योजना के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा देव नदी से पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक पानी पहुंचाने की योजना शुरू की गई थी। वर्ष 2018 में जलमीनार निर्माण के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल था और लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन विगत दो वर्षों से जलापूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में पेयजल संकट और गहरा जाता है। जलमीनार बनने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण पिछले दो वर्षों से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।मामले में मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने बताया कि जलमीनार में लगे मोटर पिछले दो वर्षों से जले पड़े हैं, जिसकी सूचना संबंधित विभाग को दी जा चुकी है। मोटर खराब होने के कारण जलापूर्ति बाधित है।वहीं, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई पंकज कुमार ने बताया कि जलमीनार स्थापित होने के बाद शुरुआती दो वर्षों तक उसका संचालन संवेदक के जिम्मे रहता है, इसके बाद ग्राम स्तरीय समिति को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाती है, जिसके अध्यक्ष मुखिया होते हैं। जल सहिया की देखरेख में संचालन किया जाता है तथा रखरखाव के लिए नाममात्र राशि ली जाती है।जेई ने बताया कि जलापूर्ति के लिए लगाए गए दोनों मोटर जल चुके हैं और इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। नए मोटर लगाने के लिए निरीक्षण कर डीपीआर तैयार कर भेजा गया है, लेकिन राशि की कमी के कारण कार्य लंबित है। उन्होंने कहा कि जल्द समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।गौरतलब है कि बानो रेलवे स्टेशन के पहाड़ी क्षेत्र की ओर जलस्तर काफी नीचे होने के कारण चापाकल भी सफल नहीं हो पा रहे हैं।

## मारपीट मामले में दो आरोपियों को एक वर्ष कारावास

**सिमडेगा।** मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्रभावी अभियोजन के आधार पर न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा के न्यायालय ने सोमवार को कुरडेग थाना कांड संख्या 10/20, दिनांक 18 मई 2020, धारा 341/323/307/504/506/34 भादवि के तहत आरोपी शंकर सोरेंग एवं अमित सोरेंग, दोनों निवासी छाताकाहु बोडरे टोली, थाना कुरडेग, जिला सिमडेगा को जान मारने की नीयत से मारपीट कर हत्या के प्रयास के मामले में दोषी पाते हुए एक वर्ष के कारावास तथा 13,500 जुर्माने की सजा सुनाई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक निशी कच्छप ने पैरवी की।

## जलडेगा में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का मामला दर्ज, हिरासत में आरोपी

**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी से कथित दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पीड़िता के पिता द्वारा जलडेगा थाना में लिखित आवेदन दिए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(1)/127(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 एवं 8 के तहत कांड संख्या 35/26 दर्ज किया गया है। घटना में नामजद आरोपी भी नाबालिग बताया जा रहा है, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।जलडेगा थाना प्रभारी सकलदेव महतो ने बताया कि मामला अत्यंत संवेदनशील प्रकृति का है। पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है तथा अनुसंधान में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। चूंकि मामले में पीड़िता और आरोपी दोनों नाबालिग हैं, इसलिए कानून के प्रावधानों के तहत उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी गई है। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से किसी भी प्रकार की पहचान उजागर न करें। फिलहाल जांच जारी है और पुलिस मामले से जुड़े सभी तथ्यों को खंगालने में जुटी हुई है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रथ रवाना, 26 जून तक चलेगा अभियान

**सिमडेगा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिले में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। यह कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित कई असाध्य रोगों का प्रमुख कारण है। उन्होंने लोगों से तंबाकू उत्पादों से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।उन्होंने बताया कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान, इसके दुष्प्रभावों तथा बचाव के उपायों की जानकारी देगा। साथ ही लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत यह विशेष जन-जागरूकता अभियान 26 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार गतिविधियां, शपथ ग्रहण, रैलियां और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि तंबाकू मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लक्ष्य को मजबूत किया जा सके।इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रज्ञा केन्द्र संचालकों का महाधरना, हड़ताल की घोषणा

- न्यूनतम कुशल मजदूरी दर को तत्काल लागू करते हुए लिखित आश्वासन दिया जाए, अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश डिजिटल पंचायत सचिवालय प्रज्ञा केन्द्र संचालक संघ के बैनर तले जिला अध्यक्ष शिशिर टोप्पो की अगुवाई में एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया गया। धरना में सिमडेगा जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत सचिवालय प्रज्ञा केन्द्र के संचालक शामिल हुए। इस दौरान संचालकों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।धरना के दौरान संचालकों ने आरोप लगाया कि सीएससी द्वारा उन्हें मात्र 2475 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जबकि विभिन्न कार्यों के लिए लगातार दबाव और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र बनाने में प्रति एंट्री 10 रुपये वीएलई से काटे जाते हैं।संचालकों का कहना है कि झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा वीएलई के व्यय मद में 7550 रुपये सीएससी को उपलब्ध कराए जाते हैं, लेकिन उसमें से केवल 2475 रुपये ही संचालकों को दिए जाते हैं। साथ ही दो वर्षों से अधिक समय से रिम पेपर और इंक की आपूर्ति भी नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये की हेराफेरी कर वीएलई को ठगने का कार्य किया जा रहा है और लंबित रिम पेपर एवं इंक की आपूर्ति एकमुश्त जल्द करने की मांग की।धरना में प्रमुख मांग पंचायत सचिवालय प्रज्ञा केन्द्र संचालकों को सरकार द्वारा न्यूनतम कुशल मजदूरी देने की रही। संचालकों ने कहा कि उन्हें सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहना पड़ता है तथा सुबह-शाम दोनों समय ऑनलाइन हाजिरी भी बनानी पड़ती है।धरना प्रदर्शन के बाद सभी संचालकों ने अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की को मांग पत्र सौंपते हुए उचित कार्रवाई और सीएससी के खिलाफ कदम उठाने की मांग की।

अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि आवेदन पर उच्च अधिकारियों से बात कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष सह सिमडेगा जिला अध्यक्ष शिशिर टोप्पो ने कहा कि यदि सीएससी उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तो प्रदेश कमिटी कड़ा निर्णय लेने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि न्यूनतम कुशल मजदूरी दर को तत्काल लागू करते हुए लिखित आश्वासन दिया जाए, अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा और झारखंड से सीएससी को हटाने तक आंदोलन जारी रहेगा।उन्होंने घोषणा की कि 1 जून से पूरे प्रदेश के प्रज्ञा केन्द्र कर्मी डिजिटल हड़ताल पर रहेंगे और दैनिक ऑनलाइन हाजिरी नहीं बनाएंगे।धरना प्रदर्शन में संरक्षक सालमोन लुगुन, संजीत जायसवाल, अध्यक्ष शिशिर टोप्पो, सचिव पुरुषोत्तम दास, प्रवक्ता अमित कुमार, अशोक दास, नरेंद्र कुमार, कल्याण गुड़िया, बसंती टोप्पो, यशवंत राउत, बसंत समद, सुरेश बड़ाईक, नूतन लाल, बिनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में संचालक उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### एसआइआर को लेकर पर्यवेक्षकों एवं बीएलओ की आवश्यक बैठक संपन्न



**कोलेबिरा।** प्रखंड कार्यालय कोलेबिरा में SIR 2026 के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी पर्यवेक्षकों एवं बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड निर्वाचन प्रभारी गुरुचरण महतो ने की।बैठक के दौरान निर्वाचन प्रभारी ने सभी बीएलओ को अनमैप मतदाता सूची में ASDD को चिन्हित करते हुए शेष बचे मतदाताओं की मैपिंग शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने SIR 2026 की समय-सारिणी की विस्तृत जानकारी देते हुए निर्धारित तिथियों के अनुसार किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की।उन्होंने सभी बीएलओ को अपने-अपने क्षेत्र के अनमैप मतदाताओं की सूची तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, ताकि शत-प्रतिशत मैपिंग सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, समाचार पत्र में प्रकाशित जानकारी के आधार पर नाना-नानी के माध्यम से मतदाताओं की मैपिंग की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई।

### बानो, कोलेबिरा और लचरागढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम शराब बिक्री का आरोप



बानोः बानो, कोलेबिरा और लचरागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में अंग्रेजी एवं देशी शराब की खुलेआम बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लाइसेंस प्राप्त दुकानों के अलावा कई होटल, ढाबों और अन्य दुकानों में भी अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।जानकारी के अनुसार, बानो, हुरदा, कोलेबिरा और लचरागढ़ में सरकार द्वारा अधिकृत शराब दुकानें संचालित हैं। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर आसानी से शराब उपलब्ध होने से लोग सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ जगहों पर शराब की बोतलों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक कीमत वसूल कर बिक्री की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण हो रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम शराब बिक्री से सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है।

### मतदाता सूची सत्यापन एवं मैपिंग अभियान में तेजी लाने का आह्वान

**बानो।** बानो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी ने संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चल रहे मतदाता सूची सत्यापन एवं मैपिंग अभियान को तेज गति देने का आह्वान किया है।जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार प्रखंड अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी अपने सभी मंडल अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ लगातार समन्वय बनाकर अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) एवं बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ मिलकर अधिक से अधिक मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में प्रखंड उपाध्यक्ष सहदेव कोड़वार, महासचिव सबन डांग, मंडल अध्यक्ष सोमा कंडुलना सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। सभी मिलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करने में जुटे हैं।

### दो महीने से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर बिजली संकट से जूझ ग्रामीण

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के जराकेल गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग दो महीने पूर्व वज्रपात के कारण ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसके बाद से गांव के 60-70 बिजली उपभोक्ता प्रभावित हैं।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 100 से अधिक लोग निवास करते हैं और बिजली नहीं रहने से भीषण गर्मी में लोगों का जीवन प्रभावित हो गया है। पंखा, कूलर, फ्रिज और टीवी जैसी सुविधाएं बंद पड़ी हैं। वहीं छात्रों की पढ़ाई और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।ग्रामीण रविंद्र बड़ाइक ने बताया कि बिजली नहीं रहने से गर्मी में लोगों का बुरा हाल है। सोनू सिंह ने कहा कि विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई पहल नहीं की गई। करमा बड़ाइक ने बताया कि ट्रांसफार्मर काफी पुराना हो चुका है, इसलिए नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना चाहिए।रामचंद्र बड़ाइक ने बताया कि वज्रपात के बाद ट्रांसफार्मर जल गया, जिससे एक फेज में मुश्किल से बिजली आ रही है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पूर्व विभाग को आवेदन भी दिया गया, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

### कोलेबिरा एनडब्ल्यू जीईएल चर्च में पेरिश स्तरीय वार्षिक बाइबल क्लास का आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एनडब्ल्यू जीईएल चर्च छोटानागपुर एवं असम के खूंटीटोली पेरिश महिला संघ द्वारा कोलेबिरा मंडली में पेरिश स्तरीय वार्षिक बाइबल क्लास 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खूंटीटोली पेरिश चेयरमैन पादरी रेभ. जकरिया मिंज, कोलेबिरा पंचायत की मुखिया अंजना लकड़ा सहित महिला संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। उद्घाटन पादरी रेभ. जकरिया मिंज ने किया और कुलुस्सियों 3:17 के वचन के माध्यम से सेवा, प्रेम और ईश्वर के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके बाद अतिथियों एवं नौ मंडलियों की महिला पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन किया गया।इस दौरान विभिन्न मंडलियों की महिलाओं ने सांस्कृतिक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि बाइबल क्लास का उद्देश्य महिलाओं को परमेश्वर के वचन से जोड़ना, आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देना तथा समाज और परिवार में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है।

### प्रवासी श्रमिक की ट्रेन हादसे में मौत परिजनों को सहायता का आश्वासन

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के जामटोली गांव निवासी प्रवासी श्रमिक बसंत नायक की महाराष्ट्र में ट्रेन हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद श्रम विभाग के अधिकारियों और समाजसेवियों ने परिजनों से मुलाकात कर सहायता का भरोसा दिया।जानकारी के अनुसार, बसंत नायक अपनी पत्नी सुलंती देवी के साथ मुंबई में मजदूरी करते थे और हाल ही में दोनों ट्रेन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान महाराष्ट्र के नासिक जिले के नंदगांव रेलवे स्टेशन के समीप बसंत नायक अचानक ट्रेन से नीचे गिर गए और दूसरी ट्रैक पर आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद अधिकारी गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले और सरकारी योजनाओं के तहत सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।सोमवार को मृतक की पत्नी सुलंती देवी ने कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय स्थित श्रम विभाग में आर्थिक सहायता के लिए आवेदन सौंपा।

# एनडीए राज्यसभा के लिए अपना प्रत्याशी देगा, नाम संगठन तय करेगा : बाबूलाल मरांडी

● मरांडी ने कहा-राज्य में अपराधियों को पुलिस प्रशासन का भय नहीं है, वैसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने जरूरत है

नवीन मेल संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में अपराधियों को प्रशासन का भय नहीं है। राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी नेतृत्व के द्वारा फैसला लिया जाएगा। उन्होंने शुभेंदु अधिकारी को देश के सभी राज्यों में सबसे मजबूत मुख्यमंत्री बताया। जमशेदपुर दौरे पर आए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बिस्टुपुर स्थित सर्किट हाउस में ठहरे ओर पार्टी कार्यकर्ताओ से मुलाकात की। आपको बता दें कि घाटशिला में बीजेपी की कार्यसमिति में हिस्सा लेने जाने के क्रम में बाबूलाल मरांडी जमशेदपुर आये। सर्किट हॉउस में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में अपराधियों को पुलिस प्रशासन का भय नहीं है। वो भी जानते हैं कि पैसे देने से सब कुछ माफ हो जाता है। राज्य में लॉ एंड ऑर्डर फेल हो चुका है। वहीं राज्यसभा चुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह संगठन तय करता है। जब उनसे कहां गया कि झारखंड में पांच-पांच पूर्व मुख्यमंत्री हैं बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, रघुवर दास और मधु कोड़ा, इनमें से कोई राज्यसभा क्यों नहीं जाना चाहता। इसके जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सबके नाम की चर्चा हो रही है और भी लोग हैं और यह संगठन बैठकर तय करेगा कि किसे राज्यसभा भेजना है, लेकिन एनडीए अपना प्रत्याशी देगा। वहीं दूसरी तरफ बंगाल में टीएमसी के दो सांसद राहुल बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर हुए हमले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमने भी देखा है कि पत्थर मारा गया है अंडे फेंके गए हैं। आखिरकार यह कौन लोग हैं पहले उन्हें पहचानने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पहले भी देखा गया है कि ममता बनर्जी की पार्टी कितनी नौटंकीबाज पार्टी है। पिछले चुनाव के समय ममता बनर्जी पैर टूटने का नाटक करके घूमते रही लेकिन जैसे ही चुनाव जीती फील्ड में दौड़ती हुई नजर आई, तो यह जांच का विषय है। यह बंगाल के लॉ एंड ऑर्डर का विषय है। शुभेंदु अधिकारी के संदर्भ में कहा कि वो एक मझे हुए अधिकारी हैं आज देश में जितने भी मुख्यमंत्री हैं उनमें शुभेंदु अधिकारी सबसे मजबूत मुख्यमंत्री हैं।

## पड़हा व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत : डॉ हरि उरांव

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के चनगनी गांव में सात पड़हा एवं सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति रांची के तत्वावधान में 32 वां पड़हा जतरा का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शामिल हुए। रांची विश्वविद्यालय के कुडुख विभाग के प्रोफेसर एवं समिति के संरक्षक डॉ बंदे खलखो, कोषाध्यक्ष संतोष उरांव की अगुवाई में पड़हा जतरा के दौरान सांस्कृतिक सामाजिक और पारंपरिक व्यवस्था के अनुरूप खोड़हा नृत्य दलों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। डॉ हरि उरांव, तुलसी कुमार उरांव सहित अन्य आदिवासी समाज के अगुआओं ने पड़हा व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लेते हुए समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने की जरूरत बताई।

## पीड़िता ने बताई पिता की पूरी करतूत

# तीन साल तक बेटी के साथ यौन शोषण

नवीन मेल संवाददाता



**दुमका।** जिले में नाबालिग बेटी के साथ यौन शोषण के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल की पुलिस ने की है। घटना के खिलाफ पीड़िता की मां ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के न्यू टाउनशिप थाना में मामला दर्ज कराया था, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के न्यू टाउनशिप थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने ही पति के खिलाफ थाने में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ है और कुछ माह पहले उसने आत्महत्या का भी प्रयास किया था। बेटी के इलाज के लिए उस पहले दुर्गापुर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। जब कोई सुधार नहीं हुआ तो अप्रैल माह में बेटी को वेल्लोर के अस्पताल में भर्ती किया। जहां साथ में उनके पति भी मौजूद थे। बेटी काफी चिड़चिड़ी हो गई थी।

इस दौरान इलाज के क्रम में बेटी ने डॉक्टर के सामने बताया कि पिछले तीन वर्षों से उसके पिता उसका यौन शोषण कर रहे हैं और जब इसके खिलाफ उसने आवाज उठाने की कोशिश की तो पिता ने उसकी मां को छोड़ने की धमकी दी। फिर 31 मई को न्यू टाउनशिप थाना में लिखित आवेदन देकर अपने पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई। इस आवेदन पर थाने में बीएनएस की धारा 351 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4/6 अंकित किया गया।

### पश्चिम बंगाल पुलिस पहुंची दुमका

एफआईआर दर्ज होने के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस दुमका पहुंची और टाउन थाना क्षेत्र से आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति एक निजी टेलीकॉम कंपनी में पिछले चार माह से काम कर रहा है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस आरोपी को अपने साथ दुर्गापुर ले गई। इस संबंध में दुमका नगर थाना प्रभारी अशोक राम ने बताया कि बेटी के साथ यौन शोषण के आरोपी पिता को पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## उधारी को लेकर विवाद के बाद स्टोर के बाहर हुई फायरिंग



**पूर्वी सिंहभूम।** जुगसलाई थाना क्षेत्र के मिल्लत नगर में रंगदारी और उधारी के विवाद में फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार हबीब नगर स्थित एक जनरल स्टोर पर रविवार रात मोहल्ले के बच्चा राज और पलटन नामक दो युवक पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों युवकों ने दुकानदार से लगभग पांच हजार रुपये की उधारी राशि के साथ-साथ रंगदारी की मांग की। दुकानदार की ओर से पैसे देने से इनकार किए जाने पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। बताया जाता है कि विवाद बढ़ता देख दुकानदार ने अपनी सुरक्षा के मद्देनजर दुकान का शटर बंद कर लिया। इससे नाराज दोनों युवकों ने कथित तौर पर दुकान के शटर पर लात मारकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसी दौरान उन्होंने इलाके में भय का माहौल बनाने के उद्देश्य से दो राउंड हवाई फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग सहम गए और अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। पहली गोली दुकान के सामने सड़क किनारे बंपर के पास चली, जबकि दूसरी गोली कुछ दूरी पर दागी गई। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए।

# हजारीबाग में कोयला लोड ट्रक ने दो लोगों को कुचला, मौत

● घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक को रोककर उसके टायरों की हवा निकाल दी और शवों को सड़क पर रखकर जाम कर दिया

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के चुरचू थाना क्षेत्र के खजुरिया टांड के पास कोयला लदे ट्रक और स्कूटी के बीच टक्कर हो गई। जिसमें स्कूटी सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आकाश हांसदा और राजेंद्र वास्के के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक स्कूटी से घर लौट रहे थे कि तभी कोयला लदे ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल राजेंद्र ने सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक को रोककर उसके टायरों की हवा निकाल दी और शवों को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों को मुआवजा, एक सदस्य को नौकरी और जांच की मांग की है। चुरचू थाना प्रभारी अश्विनी चौहान ने बताया कि कोयला ढुलाई करने वाले ट्रक की पहचान कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही कि जिस गाड़ी से दुर्घटना हुई है, वह अवैध रूप से कोयला ढुलाई तो नहीं कर रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चुरचू थाना, अंगो थाना क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में अवैध कोयले का कारोबार और डिपो बड़े पैमाने पर संचालित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण हादसा हुआ है। लोगों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मृतक आकाश हांसदा अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य बताया जा रहा है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गले में फंसी मछली, डॉक्टरों की तत्परता से बची मरीज की जान



पश्चिमी सिंहभूम। सदर अस्पताल में सोमवार को चिकित्सकों की त्वरित कार्रवाई और कुशल उपचार का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। गले में पूरी मछली फंस जाने से गंभीर स्थिति में पहुंचे एक मरीज को डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक उपचार देकर नई जिंदगी दी। जानकारी के अनुसार, मछली खाने के दौरान अचानक पूरी मछली मरीज के गले में अटक गई। इसके बाद उसे सांस लेने में कठिनाई होने लगी और भोजन निगलना भी लगभग असंभव हो गया। स्थिति लगातार बिगड़ती देख परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल के आपातकालीन विभाग लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए बिना देरी उपचार शुरू कर दिया। अनुभव और सूझबूझ का परिचय देते हुए चिकित्सकों ने गले में फंसी मछली को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने की प्रक्रिया अपनाई। कुछ ही देर की मेहनत के बाद टीम को सफलता मिली और गले में फंसी पूरी मछली निकाल ली गई। मछली बाहर निकलते ही मरीज को तत्काल राहत महसूस हुई।

## विकसित भारत के विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

# आज भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है : सरयू राय

नवीन मेल संवाददाता




**जमशेदपुर।** एस.एन. सिन्हा एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष, स्वर्गीय (प्रो.) एम.पी. सिंह जी की 87वीं जयंती के अवसर पर ''विकसित भारत हेतु महिला नेतृत्व'' विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन एस.एन. सिन्हा एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से किया गया। इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री-सह-जमशेदपुर पश्चिम के विधायक, सरयू राय ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है। आने वाला समय अत्यंत उज्ज्वल भविष्य लेकर आएगा, क्योंकि अब प्रत्येक क्षेत्र में मातृशक्ति का नेतृत्व निरंतर मजबूत हो रहा है। महिलाएँ केवल परिवार की आधारशिला नहीं हैं, बल्कि वे समाज, प्रशासन, शिक्षा, उद्योग, राजनीति एवं राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभर रही हैं। श्री राय ने आगे कहा की महिलाओं को विकसित नहीं होना है, अब उनके नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण होना है। जब महिला नेतृत्व आगे बढ़ती है, तब समाज में संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं विकास की गति स्वतः बढ़ती है। प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत का जो संकल्प लिया गया है, उसमें महिलाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। आज गांव की पंचायत से लेकर देश की संसद तक महिलाओं की सक्रिय भूमिका भारत की नई पहचान बन रही है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा, रोजगार, तकनीक एवं नेतृत्व के अवसर महिलाओं तक समान रूप से पहुँचें। यही विकसित भारत की सच्ची दिशा होगी। जब महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व का अवसर मिलता है, तब पूरा समाज प्रगति करता है। राज्य एवं केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं चला रही हैं। आज महिलाएँ प्रशासन, राजनीति, खेल, शिक्षा एवं उद्यमिता में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रही हैं। हमें युवाओं विशेषकर छात्राओं को यह विश्वास देना होगा कि वे केवल सहभागी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की निर्णायक शक्ति हैं। राँची नगर निगम के उप महापौर, नीरज कुमार ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर कहा कि महिला नेतृत्व केवल एक विचार नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सबसे प्रभावी शक्ति है। आज महिलाएँ नगर विकास, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। रांची नगर निगम निरंतर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। जब महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में उचित स्थान मिलता है।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठ प्रोफेसर रिटायर हुए



रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं पशु विकृति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ एमके गुप्ता लगभग 37 वर्षों की सेवा के बाद 31 मई को विश्वविद्यालय सेवा से रिटायर हो गए। वह पिछले एक वर्ष से पशु चिकित्सा एवं पशुपालन संकाय के डीन का भी अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। उन्होंने कई वर्षों तक निदेशक आवासीय शिक्षा-सह-डीन, स्नातकोत्तर अध्ययन संकाय तथा जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रभारी के दायित्वों का भी निर्वहन किया । सोमवार को पशु चिकित्सा महाविद्यालय में कुलपति डॉ एससी दुबे की अध्यक्षता में डॉ गुप्ता के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति ने कहा कि हमें अपने पेशा पर गर्व होना चाहिए तथा अपने वरीय शिक्षकों कर्मियों के प्रति कृतज्ञता भाव रखना चाहिए। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं कर्मियों ने एक शिक्षक, वैज्ञानिक और प्रशासक के रूप में उनके योगदान और उनके मानवीय गुणों की चर्चा की तथा उनके स्वस्थ, सक्रिय और यशस्वी भावी जीवन की कामना की। प्रभारी डीन नामित किए गए पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार पांडेय ने स्वागत भाषण तथा डॉ नन्दनी कुमारी ने मानपत्र प्रस्तुत किया।

संचालन डॉ अर्पणा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुरेश मेहता ने किया। इसी प्रकार वरिष्ठ प्रोफेसर तथा वनवर्धन एवं कृषि वानिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ एमएस मलिक ने भी 31 मई को अवकाश प्राप्त किया। वर्ष 2005 में सीधी भर्ती से प्रोफेसर नियुक्त हुए डॉ मलिक कई वर्षों से वानिकी संकाय के डीन का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे। उनके लिए वानिकी संकाय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

## फन स्पॉट वाटर पार्क में महिला मजदुर की मौत



बेड़ो। थाना क्षेत्र के महरू गांव स्थित फन स्पॉट वाटर पार्क में मजदूर महरू निवासी 45 वर्षीया शांता देवी पत्ति स्व काली गोसाईं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । हालांकि फन स्पॉट के मालिक अजय पटेल ने कहा कि फन स्पॉट के महिला बाथरूम की सफाई के दौरान गिरने से वह अचेत हो गई थी। फन स्पॉट के कर्मचारियों ने अचेत महिला मजदूर को बारीडीह के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए। जहां इलाज के बाद उसे बडा. हॉस्पीटल ले जाने की बात कहकर चिकित्सकों ने शांता देवी को वहां से इरा हॉस्पिटल भेज दिया। इरा हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने महिला मजदूर को मृत घोषित कर दिया। बाद में फन स्पॉट के कर्मियों ने उसे बेडो. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां चिकित्सक डॉ सुनील कंडुलना ने उसे मृत घोषित करते हुए मामले की जानकारी बेडो. पुलिस को दी। बेडो. पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी कफिल अहमद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में ही महिला मजदूर के मौत के कारणों का पता चल पाएगा। उधर घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका शांता देवी के पति काली गोसाईं की मौत पांच साल पहले हो गई थी। जबकि पिछले वर्ष 2025 में दुर्गा पूजा के समय बडा. बेटा रविन्द्र दास की जांडिस की चपेट में आने से मौत हो गई थी। शांता देवी की 20 वर्षीया बेटी छोटी कुमारी परिवार का बोझ उठाने के लिए स्वयं अपनी मां के साथ फन स्पॉट वाटर पार्क में ही काम करने का बीडा. उठाया। वह भी वहां मजदूरी करती है।


**असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़**

E-Mail- csramgarh@gmail.com

अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

विज्ञप्ति संख्या : 738/2026 दिनांक :–01/06/26

सिविल सर्जन कार्यालय, रामगढ़ के कार्यालय में अधिष्ठापित ए0सी0 की बिजली वायरिंग एवं कैंम्पस में हर्बल गार्डेन की स्टील फैब्रिकेशन रेलिंग कार्य एवं डेंटल एक्स–रेपोर्टेबल व डेंटल आर0भी0जी0 मशीन हेतु योग्य एजेंसियों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन तिथि | 02.06.2026 |
| 2 | निविदा जमा की तिथि | 09.06.2026 05:00pm |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि | 10.06.2026 01:00pm |
| 4 | अग्रधन राशि | 20,000/–DRHS RCH FLEXIBLE PROGRAMS, RAMGARH |

उपरोक्त डिमांड ड्राफ्ट कार्यालय में जमा कर निविदा दस्तावेज प्राप्त किया जा सकता है। उपरोक्त निविदा की विस्तुत विवरणी www.ramgarh.nic.in में देखा जा सकता है।

ह0/
असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 381249 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)D


**परेशानी**

## बोकारो की कई बस्तियों में पेयजल का छाया संकट, जलस्रोत भी भागा

# बूंद-बूंद के लिए लोगों को रोजाना करना पड़ता है संघर्ष

● विशेषज्ञों ने कहा-भूजल में भारी धातुओं की मिलावट के कारण पानी अत्यधिक कठोर और क्षारीय हो गया है

नवीन मेल संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी की चमक-दमक के पीछे एक ऐसी हकीकत छिपी है, जो हर दिन हजारों परिवारों की जिंदगी को मुश्किल बना रही है। माराफारी थाना क्षेत्र के बीएसएल लेबर हाउसिंग से सटे दर्जनों बस्तियों में रहने वाले करीब 15 हजार लोग आज भी साफ पेयजल के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हालत यह है कि लोगों को पानी के लिए हर रोज कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है और घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ी कॉलोनी, कदम गाछ, जटान टोला, रांची टोला, आजाद नगर और धोबी मोहल्ला समेत कई इलाकों के ट्यूबवेल से निकलने वाला पानी अब लोगों के लिए डर का कारण बन गया है। जांच में सामने आया है कि इन इलाकों के भूजल में टीडीएस यानी टोटल डिजॉल्व्ड सॉलिड्स का स्तर 900 से 1000 पीपीएम से अधिक है। विशेषज्ञों के मुताबिक 500 पीपीएम से अधिक टीडीएस वाला पानी स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। गैर सरकारी संस्था बेहतर झारखंड का दावा है कि भूजल में भारी धातुओं की मिलावट के कारण पानी अत्यधिक कठोर और क्षारीय हो गया है। इसी वजह से लोग अपने मोहल्लों के ट्यूबवेलों का पानी पीने से बच रहे हैं और बीएसएल एलएच स्थित विश्वकर्मा मैदान के पास लगे बोरिंग ट्यूबवेल पर निर्भर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी लाने में रोजाना तीन से पांच घंटे लग जाते हैं। महिलाएं और बच्चे भी भारी बर्तन लेकर दूर-दूर तक पानी ढोने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को अब तक इसकी जानकारी नहीं होने की बात कही जा रही है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर बोकारो के हजारों परिवार कब तक दूषित पानी और प्रशासनिक उदासीनता के बीच जीने को मजबूर रहेंगे। इस समस्या पर बीएसएल के अधिकारी सूचना प्रमुख डीके धान ने कहा कि हमारे प्लांट क्षेत्र में नहीं आता है। इसलिए हमलोग इस संबंध में कुछ नहीं कर सकते हैं। वहीं, बोकारो डीसी अजय नाथ झा का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र बोकारो स्टील प्लांट से प्रभावित गांव है। इसलिए पानी सेल को ही देना चाहिए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/10/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: (अनाबद्ध निधि मद)

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RENOVATION OF MULTIPURPOSE BUILDING AT VILLAGE-GAMHARIYA PANCHAYAT - DUMARDHI, BLOCK-GUMLA, DISTRICT- GUMLA | 24,77,600.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –05.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.06.2026 से दिनांक 11.06.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 13.06.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.381215 Rural Development(26-27):D

# राष्ट्रीय नवीन मेल

## बेलगाम बढ़ते शहरीकरण से गायब होते तालाब और नाले

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

नदी नालों पर बसी कॉलोनियों पर कार्रवाई शुरू हुई पर पिछली बरसात की झलक अब बस आने वाली है। झारखंड उच्च न्यायालय ने नगर निगम से पूछा था रांची के 71 तालाब कहां गए? शहर,कस्बों से लेकर महानगर तक की प्रशासनिक सीमारेखा से ठीक बाहर लगभग पूरे भारत में बड़े भवन निर्माताओं की सुव्यस्थित कॉलोनियों के अलावा बहुत तेजी से बिना किसी मापदंड के मनमाने ढंग से तेजी से समानांतर शहरीकरण भी हो रहा है और यह अपेक्षाकृत कम खर्चे में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सपने के पूरे होने जैसा भले हो, जिसके मायाजाल में राजनेताओं से लेकर भू माफिया तक शामिल हैं पर आने वाले दशकों में इस में बसने वाले लोगों के साथ-साथ आधुनिक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में यह अंधाधुंध विकास एक घातक मक्कड़जाल साबित होने वाला है।पर्यावरण एवं प्रकृति विनाश को नियंत्रित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, इसके लिये बढ़ते शहरीकरण को रोकना एवं गांव आधारित जीवनशैली पर बल देना होना चाहिए था पर हुआ इसका उल्टा।गांव पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार के केंद्र बनते चलते गए क्योंकि विकास के नाम पर या तो अंधांधुंध रेवड़ी बांटी गई या बिना अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं का अध्ययन किए योजनाएं चलाईं गईं या सस्ते में अनाज बांटे गए। बतौर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने सबसे पहले इसका विरोध यह कहकर किया था कि इससे कृषि प्रधान राज्यों में मेहनत-मजूरी करने वाले लोगों के बीच मुफ्तखोरी की बढ़ेगी जो आगे चलकर कृषि के लिए घातक साबित होगी।पर उन्हें तत्कालीन केंद्र सरकार ने चुप करा दिया था। भले ही शहरीकरण को आर्थिक और सामाजिक वृद्धि का सूचक माना जाता है लेकिन अनियंत्रित शहरीकरण बड़ी समस्या बन रहा है। भारत में तो शहरीकरण ने अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं, आम जनजीवन न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवनमूल्यों की दृष्टि से जटिल होता जा रहा है। आर्थिक विकास भी इसी कारण असंतुलित हो रहा है। कोरोना जैसे संकट अचानक जब डराने लगे तब हमारे गांवों ने ही शहरी लोगों को प्रेरणा और राहत दी थी । इसलिए आवश्यक है कि ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे गांवों में मानक के अनुरूप शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों को होने वाले पलायन की रफ्तार कुछ थम सके।लोगों ने छोटे कस्बों से दिल्ली एवं ऐसे ही महानगरों की सीमा से सटे खेतों पर अवैध कॉलोनियां बना लीं हैं । इसके बाद जहां कहीं सड़क बनी, उसके आसपास के खेत, जंगल, तालाब को वैध या अवैध तरीके से कंक्रीट के जंगल में बदल दिया गया। विश्व बैंक इसे भारत का अघोषित एवं अस्त-व्यस्त शहरीकरण मानता है।शहरीकरण से संबंधित समस्याओं में बंगलुरु की प्रदूषित झीलें,गुरुग्राम का ट्रैफिक जाम,मुंबई की बारिश,दिल्ली के वायु प्रदूषण से लेकर छोटे शहरों और आसपास के बेतरतीब कस्बों तक की अनेक समस्याएं हैं जो आज संकेत हैं और कल सिरदर्द साबित होने वाली हैं।इसके मूल में बेरोजगारी है। नौकरी से लेकर बेहतर चिकित्सा और अधिक पैसे कमाने के लिए गांवों की कट्टर जातीय,सामाजिक बंधनों को तोड़कर युवा चमकते शहरों की तरफ भागते हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार खेती पर निर्भर लोगों में से 40 फीसदी लोग ऐसे हैं जिनको अगर विकल्प मिले तो वे तुरंत खेती छोड़ देंगे क्योंकि खेती करने में धन की लागत बढ़ती जा रही है और बिक्री और उत्पादन दोनों जुए की तरह हैं ।ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों में आने वाले लोग अधिकतर गरीब होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का अभाव होता है, जिस कारण वे आसपास के इलाकों में बसने का प्रयास कर समस्या को और भी गंभीर बना देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने के साथ-साथ पलायन को कम करने के लिये ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था का विविधीकरण करने में मनरेगा जैसी योजनाओं ने गावों से शहरों की ओर पलायन कम करने में अहम भूमिका निभाई है।शहरी फैलाव,आवास और मलीन बस्तियों का विस्तार,भीड़ और व्यक्तिवाद की भावना, पानी की आपूर्ति और जल निकासी का बेहतर न होना,शहरी बाढ़,परिवहन और यातायात की समस्या,बिजली की कमी,प्रदूषण,शहरी ग्रीष्म द्वीप प्रभाव,अपराध और बाल अपराध,भीख,शराब और ड्रग्स की समस्या और भ्रष्टाचार और मजबूरी का सौदा करते नेता इसे सुलझाने के बजाय और उलझा रहे हैं ।यदि ऐसा ही चलता रहा तो भविष्य में शहरों के इर्द-गिर्द ऐसी मलीन बस्तियों में कभी आग लग जाए तो आग बुझाने वाली गाड़ियां तक नहीं पहुंच पाएंगी क्योंकि बिना किसी मापदंड के विकसित हो रही इन कॉलोनियों में न तो इसके लिए जगह छोड़ी जा रही है और न ही कोई नक्शा पास कराया जा रहा है जिसमें विद्युत व्यवस्था,जल निकास,पार्क,दुकानों के लिए कोई जगह छोड़ी नहीं जा रही है, जो कल होकर एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकते हैं । सरकार की ओर से आरआरडीए और नगर निगम विज्ञापन के माध्यम से चेतावनी जारी करता है पर ठोस कार्रवाई नहीं दिखती।

विचार प्रवाह

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खाईं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" - प्रेमचंद

# पांच नई राज्य सरकारों का पहला पखवाड़ा

आज की बात



सत्येंद्र प्रताप सिंह

> पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरलम, असम और पुडुचेरी में नई सरकारों ने कार्यभार संभाल लिया है। तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा और एनडीए की सरकार तो तमिलनाडु और केरलम में गैर भाजपाई सरकार सत्तासीन हुई है। पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं, ऐसे में पांचों राज्यों में पहले पखवाड़े यानी 15 दिनों में क्या कामकाज हुआ है, इस पर एक नजर डालते हैं

### पश्चिम बंगाल : भाजपा : शुभेंदु अधिकारी

पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सत्ता में आई तो सीमा पर बाड़ लगाने की परियोजनाओं के लिए बीएसएफ को जमीन मिली, आयुष्मान भारत, पीएम किसान और उज्ज्वला जैसी लंबित केंद्रीय योजनाओं को लागू किया। सरकारी नौकरियों के लिए आयु सीमा को 5 साल बढ़ाया और पहले ही दिन सिंडिकेट, अवैध खनन और पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी और जवाबदेही तथा पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भर्ती घोटाले के मामलों में सीबीआई जांच को भी मंजूरी दे दी। बीएनएस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करके पुलिस विभाग को और अधिक सशक्त बनाया गया है। प्रशासनिक पुनर्गठन और संस्थागत बदलाव युद्ध स्तर पर शुरू किए गए हैं। पहली ही कैबिनेट बैठक में सीएम ने एक साहसिक फैसला लेते हुए गैर संवैधानिक निकायों और पीएसयू में नामित सदस्यों को हटाने का निर्णय लिया। पहले कदम के तौर पर सांस्कृतिक, नागरिक और नियामक सुधारों की घोषणा की है। प्रशासन ने पहले से चले आ रहे नीले और सफेद रंग के इंफ्रास्ट्रक्चर पैटर्न को बदलकर पीले और सफेद रंग के मानकों को अपनाया। स्कूलों और मदरसों में वंदे मातरम को अनिवार्य कर दिया और सार्वजनिक सड़कों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी। जून 2026 से धर्म आधारित सहायता कार्यक्रमों को पूरी तरह से बंद किया , 7वें राज्य वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। पारदर्शिता को प्राथमिकता देने के लिए, सरकार ने भर्तियों में ओएमआर कार्बन कॉपी वितरण की व्यवस्था शुरू की है।

### तमिलनाडु : टीवीके/कांग्रेस : सी जोसेफ विजय

जोसेफ विजय के सीएम बनते ही तमिलनाडु की राजनीति में डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना दबदबा खत्म हो गया। उन घरों के लिए हर दो महीने में एक बार 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की, जो 500 यूनिट तक बिजली खपत करते हैं जो चुनावी घोषणापत्र में किये गये हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के वादे से अलग है। साथ ही छोटे और सीमांत किसानों के लिए 50,000 रुपये तक के कृषि ऋण माफ करने का निर्णय भी लिया गया। लेकिन टीवीके ने 5 एकड़ तक जमीन रखने वाले सभी किसानों के लिए ऋण माफी का वादा किया था। इस बात ने सरकार के कथनी और करनी को लेकर आलोचना को जन्म दिया है।विजय के ज्योतिषी रिकी राघन पंडित वेत्तरीवेल को विशेष कार्य अधिकारी (राजनीतिक) के रूप में नियुक्त करने के फैसले ने राजनीतिक आलोचना और जनता के भारी विरोध को जन्म दिया। इसके चलते सरकार को 24 घण्टे के भीतर ही यह नियुक्ति रद्द करनी पड़ी, जिससे



सरकार के निर्णय लेने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं।अनियमित्ताओं के आरोपों के सामने आने के कुछ ही घण्टों के भीतर सरकार को 16.83 लाख रुपये का एक सार्वजनिक निर्माण टेंडर रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस घटना ने सरकारी खरीद प्रक्रियाओं की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया है। उद्योग मंत्री एस कीर्तना को भी जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ा आरोप था कि उन्होंने कोयंबटूर में 10 वर्षीय एक बच्ची के साथ हुए बलात्कार और हत्या के मामले से जुड़े सवालों का जवाब देने से कथित तौर पर किनारा कर लिया था।

### केरलम : यूडीएफ : वीडी सतीशन

समर्थन करने वाले गुटों के बीच सत्ता संघर्ष के कारण केरलम लगभग एक पखवाड़ा तक बिना मुख्यमंत्री के रहा। शपथ ग्रहण में मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने अपने पूरे नाम को पढ़ा, जिसमें उनके पिता की जातिगत पहचान भी शामिल थी, इसकी आलोचना हुई क्योंकि यह कांग्रेस पार्टी की प्रगतिशील और जाति विरोधी छवि को एक बड़ा झटका लगा। शपथ समारोह में तब भी विवाद खड़ा हो गया जब वंदे मातरम का छह छंदों वाला संस्करण बजाया गया, विपक्षी दलों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करने के बाद, मुख्यमंत्री सतीशन ने यह कहकर खुद को इससे अलग कर लिया कि यह व्यवस्था लोक भवन द्वारा की गई थी। विभागों के बंटवारे से कैथोलिक ईसाई मत्स्य पालन विभाग के बंटवारे से नाराज थे, इसलिए बंटवारे के तुरंत बाद मत्स्य पालन मंत्री वीई अब्दुल गफूर, चर्च के प्रतिनिधियों से मिलने पहुंचे और नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की। अदालत के आदेश के बाद मलयीडोमथुरुथ से सात अनुसूचित जाति परिवारों को बेदखल करने की कार्रवाई शुरू की, जिसके कारण विरोध प्रदर्शन शुरू हुए वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। मुंनबम वक़्फ़ विवाद फिर से तब सामने आया जब केरलम वक़्फ़ बोर्ड ने विवादित 404 एकड़ जमीन को उम्मीद पोर्टल पर अपलोड कर दिया। इससे प्रभावित निवासियों की चिंताएं बढ़ गईं। लैटिन कैथलिक समुदाय और मछुआरों सहित 600 से अधिक परिवारों ने इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की ।

### असम : भाजपा : हिमंता बिस्वा सरमा

अगले 5 सालों में 2 लाख सरकारी नौकरियां पैदा करने की योजना साकार करने के लिए, मुख्य सचिव के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें विभिन्न विभाग, निगम और विश्वविद्यालय शामिल हैं। असम कैबिनेट ने भाजपा के संकल्प पत्र 2026 में किये गए 31 वादों को लागू करने की भी मंजूरी दी।खर्च कटौती कार्यक्रम के तहत विदेश यात्राओं पर रोक लगाई गई, ईंधन के इस्तेमाल में 20% की कटौती की गई, सरकारी काफिलों का आकार छोटा किया गया, सरकारी कामकाज में विदेशी सामानों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाई गई और वित्तीय अनुशासन व डिजिटल अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए आमने सामने होने वाले सेमिनारों (फिजिकल सेमिनार्स) की जगह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को अपनाया गया। सरकार ने गुवाहाटी के शंकरदेव कलाक्षेत्र में 32 करोड़ रुपये की लागत से भूपेन हजारिका संग्रहालय के निर्माण को मंजूरी दी। 25 मई को असम यूसीसी विधेयक लाने वाला यह तीसरा राज्य बन गया जिसने शादी, तलाक और परिवार से जुड़े मामलों को नियंत्रित करने वाले यूसीसी फ्रेमवर्क की दिशा में कदम बढ़ाया है।


### पुडुचेरी : एआईएनआरसी/भाजपा : एन रंगासामी

लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने रंगासामी ने कराईकल और पेरालम के बीच रेल कनेक्टिविटी को शुरू किया। लगभग 40 वर्षों के बाद थिरुनल्लार से होकर रेल गुजरी। इस कदम से थिरुनल्लार तीर्थस्थल का विकास होगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। पीएम सूर्यघर योजना के लिए 30,000 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी की घोषणा की । कामराजर शताब्दी पत्थर मकान निर्माण योजना के तहत, ब्याज का बोझ माफ कर दिया इससे उन्हें अपनी जमीन के मालिकाना हक (लैंड टाइटल्स) वापस पाने और अपने आवास निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## सरना, धर्मांतरण और आरक्षण की राजनीति

अलग बात



केदारनाथ दास

झारखंड में इन दिनों परिवर्तन का नया दौर चल पड़ा है। अबतक इस क्षेत्र की पहचान खनिज, जल, जंगल, जमीन और संसाधनों की राजनीति पर टिकी रही है जबकि बदलते परिवेश में अब यह आस्था और अधिकार की एक तीखी लड़ाई में बदलती नजर आ रही है। स्पष्ट तौर पर कहें तो जनजाति समाज का एक बड़ा वर्ग मुखरता के साथ यह प्रश्न उठा रहा है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी पारंपरिक आस्था को छोड़कर किसी अन्य धर्म को स्वीकार कर लेता है तो क्या उसे अनुसूचित जनजाति के नाम पर मिलने वाली उन सुविधाओं का लाभ मिलते रहना चाहिए जो मूलतः जनजाति संस्कृति, परंपरा और सामाजिक पिछड़ेपन की रक्षा के लिए बनाई गई थी? इस सवाल पर जनजाति समाज ने आदि-धर्म, धर्मांतरण और आरक्षण को लेकर एक ऐसी बहस छेड़ दी है जो झारखंड, छत्तीसगढ़ व ओड़िशा जैसे राज्यों के जनजाति बहुल इलाकों में जनभावना का रूप लेते हुए आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक हलचल पैदा कर रख दी है। वस्तुतः यह सवाल आज केवल धर्म का प्रश्न नहीं रह गया है बल्कि परंपरा के लिए "पहचान बचाने" की बेचैनी बनकर सामने नजर आ रहा है और जनजाति समाज के भीतर यह भावना तेजी से उभरती दिखाई पड़ रही है कि धर्मांतरण के कारण उनकी सांस्कृतिक जड़ें लगातार कमजोर हुई हैं। गाँवों में त्योहार बदल रहे हैं, पारंपरिक रीति-रिवाज टूट रहे हैं और नई पीढ़ी अपने मूल देवी-देवताओं व प्रकृति पूजा तक से दूर होती जा रही है। ऐसे में, इसके समाधान के तौर पर अब "डी-लिस्टिंग" की मांग आंदोलन का स्वरूप लेती दिख रही है। बताते चलें कि इस पूरे विमर्श को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी हलचल है। कुछ लोग अंतरराष्ट्रीय धार्मिक संगठनों और विदेशी प्रभावों को लेकर भी गंभीर सवाल उठा रहे हैं। इन दावों के समर्थन में कोई ठोस व सार्वजनिक प्रमाण हमेशा उपलब्ध नहीं हैं फिर भी इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि धर्मांतरित समाज के पीछे चर्च की ऐसी सशक्त लॉबी खड़ी है जिसने स्व.कार्तिक उरांव के अथक प्रयासों और वर्ष 1967 में लोकसभा में बहुमत के बावजूद तत्संबंधी प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डालने का कारनामा कर दिखाया है। लोकतंत्र की खूबसूरती यह कि धर्मांतरण का यह मुद्दा अब केवल सामाजिक विषय नहीं रह गया है बल्कि यहां भू-राजनीतिक बहस का एक बड़ा हिस्सा बन चुका है। भारत के भीतर एक बड़ा वर्ग इसे सांस्कृतिक हस्तक्षेप के रूप में देखता है तो दूसरी ओर अमेरिका सहित कई पश्चिमी देशों की संस्थाएँ भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर लगातार टिप्पणी करती रही हैं। यह भी एक बड़ा कारण है कि झारखंड के आदिवासी इलाकों में यह धारणा तेजी से मजबूत हुई है कि धर्मांतरण केवल पूजा पद्धति बदलने का विषय नहीं रह गया है बल्कि यह तो सामाजिक समीकरण बदलने की रणनीति के रूप में सामने आया है। नतीजा सामने है और अब गाँवों में बैठकों का दौर तेज हुआ है, मूल पहचान को बचाने के लिए नए नए संगठन सामने आ रहे हैं व निशा उरांव जैसी मुखर आदिवासी महिलाओं की आवाजें सामने आ रही है। इतना ही नहीं, यह भी स्पष्ट हो चुका है कि मूल जनजाति समाज अब केवल "वोट बैंक" की भूमिका में नहीं रहना चाहता और अब वह अपनी सांस्कृतिक अस्मिता को राजनीतिक एजेंडा बनाने की दिशा में स्पष्ट तौर पर आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। इसके पक्ष में कई उदाहरण गिनाए जा रहे हैं। मुखरता से यह सवाल पूछे जा रहे हैं कि एक पादरी यदि धर्म बदल लेता है तब भी क्या उसे चर्च में पुरोहिताई का अधिकार दिया जा सकता है? ऐसे में सवाल उठाए जा रहे हैं कि धर्मांतरित आदिवासी को पाहन-पुजार, मांझी ,बैगा आदि का अधिकार कैसे दिया जा रहा है और पारंपरिक व्यवस्था में उसे नेतृत्व की जिम्मेदारी क्यों दी जानी चाहिए? ऐसे तर्कों के बावजूद समाज का एक प्रबुद्ध वर्ग भी है जो इस पूरे विमर्श के बीच एक सावधानी जरूरत महसूस कर रहा है। इनके अनुसार भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी आस्था चुनने की स्वतंत्रता देता है। इसलिए धर्मांतरण के विरोध और किसी समुदाय के प्रति घृणा के बीच की रेखा को समझना आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## सुदूर ग्रामीण अंचलों में बढ़ती घुसपैठ की चुनौती



अरविंद रावल

देश में अवैध घुसपैठ का मुद्दा अब केवल सीमावर्ती राज्यों या महानगरों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसकी आहट सुदूर ग्रामीण अंचलों और कस्बाई क्षेत्रों तक पहुँचने लगी है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार सहित कई राज्यों में अवैध बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और रोहिंग्या घुसपैठियों के विरुद्ध चल रहे अभियानों के बाद जिस प्रकार महानगरों और रेलवे स्टेशनों पर असामान्य हलचल दिखाई दे रही है, वह इस समस्या की गंभीरता को उजागर करती है। वर्षों से स्थानीय संरक्षण, प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक स्वार्थों के कारण बड़ी संख्या में ऐसे लोग देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी जड़ें जमा चुके हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से अनेक लोग शासकीय दस्तावेज प्राप्त कर लोकतांत्रिक व्यवस्था तक को प्रभावित करने लगे हैं। देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे लोगों का सामने आना, जो अपनी नागरिकता के पर्याप्त प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके, प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यद्यपि दस्तावेजों के अभाव मात्र से किसी को घुसपैठिया घोषित नहीं किया जा सकता, फिर भी लगातार बदलती पहचान और ठिकानों की प्रवृत्ति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय अवश्य है। सख्त कार्रवाई से बचने के लिए अब इन घुसपैठियों का रुख ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बढ़ना और भी अधिक खतरनाक संकेत है, क्योंकि गांवों में पहचान और सत्यापन की व्यवस्था अपेक्षाकृत कमजोर होती है। यही कारण है कि वे आसानी से स्थानीय समाज में घुलमिल जाते हैं और प्रशासन को भनक तक नहीं लगती। यह समस्या केवल अवैध निवास तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे देश के संसाधनों, रोजगार, सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक अस्मिता पर भी दबाव बढ़ता है। यदि समय रहते पारदर्शी और कठोर सत्यापन व्यवस्था लागू नहीं की गई, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और विकराल रूप ले सकता है। राज्य सरकारों को ग्राम पंचायत से लेकर नगर निकाय स्तर तक व्यापक सत्यापन अभियान चलाना चाहिए तथा राजस्व, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की स्पष्ट जवाबदेही तय करनी चाहिए।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## साहस व उत्साह बनाए रखना भी एक कला है



स्वामी चिन्मयानंद

हम अपने को समस्त सांसारिक संबंधों से अलग रखें। उस समय हमारा संबंध एक मात्र हमारे स्त्रष्टा से है। चिन्ता और विक्षेप वैसे ही समाप्त हो जायेंगे जैसे जादू का डंडा घुमा दिया गया हो। वस्तुओं और व्यक्तियों का उचित मूल्यांकन समझदारी के साथ करें। हम अपने कार्य या समस्त वस्तुओं को आवश्यकता से अधिक मूल्य कभी न दें। अपने जीवन का भी मूल्य एक सीमा तक ही है। जो भी कार्य हमारे हिस्से में पड़ा है उसे हम सारे दिन आन्तरिक शान्ति और सन्तोष के साथ करें। इससे हमें अनावश्यक चिन्ता, भय या अशान्ति नहीं होगी। ऐसी दृढ़ धारणा रखने से हमारे अंदर एक शान्ति-क्षेत्र बनेगा। सदा याद रहे कि हम केवल अपनी कार्य-क्षमता से कोई बड़ा कार्य नहीं करते और न कोई अच्छे सेवक बनते हैं। उसके लिए हमें साहस की आवश्यकता पड़ती है। अपनी मान्यताओं के अनुरूप ही जीवन जीना सर्वोत्तम जीवन विधि है, किन्तु इसके लिए साहस चाहिए। साहस और उत्साह बनाये रखना भी एक कला है। जीवन जीने की कला का एक सुनिश्चित विधान है। इसमें किसी पक्ष की उपेक्षा नहीं होती। किसी कला साधना में उत्साह हीं पर्याप्त नहीं होता। उसके हाथ सच्ची निष्ठा, कार्य क्षमता और अनुशासन भी होना चाहिए। आध्यात्मिक साधना में भी इन तीन में से किसी भी तत्त्व की उपेक्षा किसी समय नहीं की जा सकती। हमारी साधना का उद्देश्य अपना पूरा परिष्कार कर लेना है। अन्ततः ध्यानाभ्यास के द्वारा ही यह सम्भव होता है। किन्तु ध्यान में मन की शान्त एकाग्रता के लिए भी सदाचार का होना आवश्यक है। चारित्रिक उत्थान के लिए विक्षेप उत्पन्न करने वाले कारणों को दूर कर उनके स्थान में शुद्ध विचारों और पवित्र कर्मो का आदर करना होगा।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## भारत ने एमएसएमई के लिए खाड़ी देश में अवसरों के द्वार खोले

देश की बात



पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री

1 जून से लागू हो रहा भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिये भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200–300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करता है। यह तुरंत ही ओमान में 98% टैरिफ लाइनों के लिए 100 प्रतिशत शुल्क मुक्त बाजार पहुंच की सुविधा देता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत निर्यात शामिल है। यह सीईपीए से पहले की प्रणाली की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है। पहले की प्रणाली में केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर सकते थे। भारत की ऐसी वस्तुएं, जिन पर वर्तमान में ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है और जिनकी कीमत लगभग 3.64 बिलियन डॉलर के निर्यात के बराबर है, अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी। भारत के एमएसएमई क्षेत्र के लिए, यह समझौता परिवर्तनकारी हो सकता है, क्योंकि सीईपीए से लाभान्वित होने वाले कई क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की प्रमुखता है। लोहा और इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे कुछ क्षेत्रों में एमएसएमई को बड़े अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के युग में, सीईपीए भारतीय निर्यातकों को, जो आर्थिक मंदी और बढ़ते व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं, अपने बाजारों को विविध बनाने और परंपरागत बाजारों पर निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। रोज़गार सृजन-यह व्यापार समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण और कुछ इंजीनियरिंग क्षेत्रों को लाभ पहुँचाता है, जो भारत के प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं। ओमान को होने वाले वस्त्र निर्यात में वृद्धि से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, करूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत भर के कारीगर और बुनकर भी अपने उत्पादों की उच्च अंतरराष्ट्रीय मांग से लाभान्वित होंगे। भारत भर में, विशेष रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, साथ ही महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत चमड़ा और जूता के प्रमुख केंद्रों में भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रत्न और आभूषण क्षेत्र एक अन्य उदाहरण है, जो दिखाता है कि सीईपीए रोजगार वृद्धि को किस प्रकार तेज करेगा। भारत के पास पहले से ही कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, सोने और चांदी के आभूषण तथा हस्तनिर्मित आभूषण उत्पादन में मजबूत क्षमताएं हैं। शुल्क बाधाओं के हटने से, भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय और एशियाई प्रतिस्पर्धियों पर निर्णायक बढ़त मिलेगी। उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को होने वाला निर्यात बढ़ कर 150 मिलियन डॉलर तक हो सकता है। इससे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के आभूषण निर्माण केन्द्रों में महत्वपूर्ण रोजगार संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है। किसान और मछुआरे - घरेलू किसानों और संवेदनशील कृषि हितों की सुरक्षा के लिए, भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, मोटे अनाज, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, तिलहन, चाय, कॉफी और शहद जैसे प्रमुख उत्पादों पर कोई टैरीफ छूट नहीं दी है। घी, शहद, मीठे बिस्कुट, अंडे और कुछ मिष्ठान्न उत्पादों में भारत को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा, जिससे देश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी। यह समझौता भारत के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) प्रमाणन की स्वीकृति और मान्यता भी प्रदान करता है, जो भारतीय किसानों को ओमान में, जो एक प्रमुख खाद्य आयातक है, जैविक उत्पाद बेचने के लिए विशाल अवसर देगा। समुद्री उत्पादों में भी विशाल संभावनाएँ हैं, जिनका अब तक उपयोग नहीं हो पाया है। 2022 और 2024 के बीच ओमान का समुद्री उत्पादों का आयात लगभग 119 मिलियन डॉलर था। भारत से आयात केवल 7.75 मिलियन डॉलर था, जिससे भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात जैसे झींगा और जमे हुए कटलफिश के लिए विशाल अवसर मौजूद हैं। श्रम-गहन समुद्री उत्पाद उद्योग मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, शीत-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स और निर्यात संचालन में अतिरिक्त नौकरियाँ उत्पन्न कर सकता है।

### आज का दोहा

गंगा, यमुना, मिल हुईं, संगम पर इक धार।
पहले टकराईं हुआ, जाकर इकरार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिल्ली जोन के शुभम बने टॉपर, 56,880 अभ्यर्थी सफल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों यानी आईआईटी में दाखिले के लिए आयोजित की गई जेईई (एडवांस्ड)



2026 परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस वर्ष 17 मई को आयोजित परीक्षा में दोनों पेपरों में कुल 1,79,694 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 56,880 उम्मीदवारों ने सफलता प्राप्त की। सफल अभ्यर्थियों में 10,107 छात्राएं शामिल हैं।

इस परीक्षा में दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में पहला स्थान हासिल किया। कॉमन रैंक लिस्ट के शीर्ष 10 में दिल्ली जोन का दबदबा देखने को मिला। शुभम कुमार पहले, कबीर छिल्लर दूसरे और जतिन चाहर तीसरे स्थान पर रहे। चौथे स्थान पर मद्रास जोन के मोहित शेखर शुक्ला और पांचवें स्थान पर कुची संदीप रहे। छठी रैंक बी. जयकृष्णा श्रीनिवास, सातवीं अर्नव गौतम, आठवीं कनिष्क जैन, नौवीं मेडिसेट्टी नागा सहर्षा और दसवीं रैंक दर्श सिक्का ने हासिल की। वहीं, दिल्ली जोन की ही आरोही देशपांडे 280 अंक के साथ देश की शीर्ष महिला अभ्यर्थी बनीं हैं।

उन्होंने सीआरएल में 77वीं रैंक प्राप्त की। रइस साल कुल 1,87,389 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। इनमें 1,44,276 पुरुष, 43,112 महिला तथा एक थर्ड जेंडर अभ्यर्थी शामिल था। परीक्षा में 1,39,131 पुरुष और 40,562 महिला उम्मीदवार उपस्थित हुए। सफल उम्मीदवारों में 46,773 पुरुष और 10,107 महिलाएं शामिल हैं। विभिन्न श्रेणियों में भी अलग-अलग टॉपर सामने आए। ईडब्ल्यूएस श्रेणी में बी. जयकृष्णा श्रीनिवास, ओबीसी-एनसीएल में जतिन चाहर, एससी श्रेणी में कोविद बूब और एसटी श्रेणी में जतिन कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। पीडब्ल्यूडी श्रेणी में अर्श जैन शीर्ष पर रहे।

## सीएम सम्राट चौधरी ने बिहार के शुभम को दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2026 में देशभर में पहला स्थान हासिल करने पर राज्य के शुभम कुमार को बधाई दी। जेईई (एडवांस्ड) 2026 का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया, जिसमें दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में पहला स्थान हासिल किया। सीएम सम्राट चौधरी ने शुभम को देश में पहला स्थान प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, "जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर देशभर में बिहार का नाम गौरवान्वित करने वाले प्रतिभाशाली छात्र शुभम कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।"उन्होंने आगे लिखा कि आपकी अथक मेहनत, अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट प्रतिभा ने लाखों युवाओं को प्रेरित करने का कार्य किया है।

## जेईई (एडवांस्ड) के परिणाम घोषित्र

# बेगूसराय कोर्ट ने गिरिराज सिंह की अग्रिम जमानत रखी बरकरार

एजेंसी। पटना

बिहार में बेगूसराय की एक कोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय कपड़ा मंत्री और सांसद गिरिराज सिंह को 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उनके



'दो गज जमीन' वाले बयान से जुड़े एक मामले में राहत जारी रखी।

मामले की सुनवाई करते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरिराज सिंह को पहले दी गई अग्रिम जमानत को जारी रखने की अनुमति दी, जबकि भविष्य की सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट मांगने वाली उनकी याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

गिरिराज सिंह बेगूसराय की अपनी एक दिन की यात्रा के दौरान कोर्ट में पेश हुए और सुनवाई में हिस्सा लिया। उनके वकील ने कोर्ट से राहत जारी रखने का आग्रह किया और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 205 के तहत पेश होने से स्थायी छूट मांगी। दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश दिया कि पहले दी गई अग्रिम जमानत प्रभावी रहेगी। बाद में गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक मकसद से शुरू किया गया था। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक रंजिश के चलते उनके खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए थे।

गिरिराज सिंह ने कहा कि उन्हें कोर्ट पर पूरा भरोसा है और उन्होंने इस मामले में मिली राहत का स्वागत किया। उन्होंने न्यायपालिका को धन्यवाद दिया, जिसे उन्होंने मामले पर निष्पक्ष विचार बताया।

इस मामले में पेश हुए वरिष्ठ वकील अमरेंद्र कुमार 'अमर' ने बताया कि गिरिराज सिंह के खिलाफ आरोप 6 अप्रैल, 2019 को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान बेगूसराय के जीडी कॉलेज परिसर में एक जनसभा में दिए गए भाषण से उपजे थे। 'दो गज जमीन' वाले बयान के रूप में जाना जाता है, काफी राजनीतिक विवाद का कारण बना और इसके चलते एक एफआईआर दर्ज की गई। अनुसार, तत्कालीन जिलाधिकारी राहुल कुमार के निर्देश पर तत्कालीन अंचल अधिकारी के माध्यम से नगर थाना में केस दर्ज किया गया था।

# मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी : शिवराज

● केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने मप्र के रायसेन जिले के ग्राम रमासिया से शुरू किया राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान'

एजेंसी। भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के ग्राम रमासिया से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को संदेश दिया कि मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी, किसान मजबूत होगा और देश समृद्ध बनेगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने देशभर में 01 जून से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर कहा कि धरती हमारी माता है और इसकी सेहत बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अंधाधुंध रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग न करें, बल्कि मिट्टी की जांच के आधार पर जरूरत के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि ज्यादा रासायनिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता घटती है और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जिसका सीधा असर उत्पादन और खेती की लागत पर पड़ता है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान' केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती माता को बचाने का राष्ट्रीय संकल्प है। इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारी, कृषि विभाग की टीमें और जनप्रतिनिधि गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करेंगे। किसानों को मिट्टी परीक्षण, संतुलित पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, आधुनिक बुवाई तकनीक, जल संरक्षण और उन्नत खेती के तरीके सिखाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हर किसान का सॉयल हेल्थ कार्ड बनना जरूरी है, ताकि किसान अपनी जमीन की जरूरत समझकर खाद का उपयोग करे। इससे खेती की लागत कम होगी, उत्पादन बढ़ेगा और मिट्टी लंबे समय तक उपजाऊ बनी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसका मतलब जरूरत से ज्यादा उपयोग नहीं है।



### खेती को लाभकारी बनाना सरकार की प्राथमिकता

उन्होंने बताया कि सोयाबीन, धान और दलहन फसलों के लिए क्षेत्र में विशेष प्रदर्शन किए जाएंगे। किसानों को उन्नत बीज, वैज्ञानिक बुवाई, लेजर लेवलर जैसी आधुनिक तकनीक और पानी बचाने वाली खेती के तरीके सिखाए जाएंगे। कृषि विज्ञान केंद्रों और विशेषज्ञ संस्थानों की मदद से नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि रमासिया गांव से शुरू हुआ यह अभियान आगे चलकर जनभागीदारी का बड़ा आंदोलन बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रुप से गांवों में पहुंचें, किसानों को तकनीकी सहायता दें।

## जम्मू-कश्मीर में अवैध संचार नेटवर्क और आइएसआइ की नई साजिशों का खुलासा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के बीच सीमा पार से घुसपैठ, अवैध संचार नेटवर्क और आतंकी तंत्र को पुनर्जीवित करने की कोशिशों से जुड़े कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए हैं। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान समर्थित तत्वों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और हाल के अभियानों में कई महत्वपूर्ण जानकारियां तथा सफलताएं हासिल हुई हैं। हम आपको बता दें कि बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर तीन लोगों को पकड़ा है जो कथित रूप से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की ओर जाने की कोशिश कर रहे थे।

# ममता ने बागी विधायको संदीपन और रितब्रता को टीएमसी से निकाला

एजेंसी। नई दिल्ली




तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सोमवार को अपने दो विधायकों, संदीपन साहा और ऋतब्रता बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद टीएमसी के सत्ता से बेदखल होने के बाद पार्टी नेताओं के बीच बढ़ते असंतोष के बीच आया है। एक बयान में, टीएमसी ने कहा कि साहा और बनर्जी रविवार को पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के कोलकाता स्थित कालीघाट आवास पर बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हुए। बयान में यह भी कहा गया कि दोनों नेताओं द्वारा ऐसे बयान दिए गए हैं जो तृणमूल के हितों के लिए हानिकारक हैं। टीएमसी के बयान में कहा गया कि मामले पर उचित विचार करने के बाद, एआईटीसी के सक्षम प्राधिकारी ने आपको तत्काल प्रभाव से पार्टी की (प्राथमिक) सदस्यता से निष्कासित करने का निर्णय लिया है। परिणामस्वरूप, इस नोटिस के जारी होने की तिथि से आप पार्टी से संबंधित किसी भी पद, जिम्मेदारी या विशेषाधिकार से मुक्त हो जाएंगे। पूर्व राज्यसभा सांसद रितब्रता, जो 2017 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से टीएमसी में शामिल हुए थे, उलुबेरिया पुरबा निर्वाचन क्षेत्र से पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार रुद्र प्रसाद बनर्जी को 11,800 से अधिक वोटों के अंतर से हराया था।

# सनकी ने डेढ़ साल के मासूम को आठ बार पटका, हुई मौत

एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र से एक ऐसी रूह कंपा देने वाली और हैवानियत से भरी वारदात सामने आई है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को तार-तार कर दिया है। एक सनकी युवक ने महिला द्वारा शादी का प्रस्ताव ठुकराए जाने का बदला लेने के लिए उसके महज डेढ़ साल के मासूम बेटे की सड़क पर बेरहमी से पटक-पटककर हत्या कर दी। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात का एक खौफनाक सीसीटीवी (CCTV) फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार रात एक मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके दोनों पैरों में पुलिस की गोली



लगी है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपी युवक जान गंवाने वाले बच्चे का रिश्ते में चाचा लगता है और मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दोनों पैर में गोली लगने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करके जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया शोक



**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत जगत की मशहूर गायिका सुमन कल्याणपुर का उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण रविवार को मुंबई स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। इस दुखद खबर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने गायिका के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "प्रसिद्ध गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। उनकी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी ने भारतीय संगीत और सांस्कृतिक जगत को समृद्ध बनाया।"

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय संगीत जगत की मशहूर गायिका सुमन कल्याणपुर का रविवार को मुंबई स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनके निधन पर दुख प्रकट किया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारतीय संगीत को समृद्ध करने वाली सुमन कल्याणपुर का निधन भारतीय कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने हिंदी और मराठी के साथ-साथ कई अन्य भारतीय भाषाओं में अपने मधुर गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# अन्नामलाई के भाजपा छोड़कर नई राजनीतिक पार्टी बनाने की चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली

## कृप्या प्रतीक्षा करें : अन्नामलाई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता के अन्नामलाई ने सोमवार को अपने बारे में चल रही उन अफवाहों पर



प्रतिक्रिया दी, जिनमें कहा जा रहा था कि वे भाजपा से इस्तीफा देकर नई पार्टी बना सकते हैं। नई दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए, भाजपा की तमिलनाडु इकाई के पूर्व अध्यक्ष ने लोगों से इंतजार करने को कहा और बताया कि कुछ दिनों में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। अन्नामलाई ने कहा कृपया प्रतीक्षा करें। हम दो दिन में बैठकर बात करेंगे। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि अन्नामलाई भाजपा छोड़कर नई राजनीतिक पार्टी बना सकते हैं। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात का अनुरोध भी किया है, जहां वे भाजपा में अपने भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं। कुछ खबरों में यह भी कहा गया है कि अन्नामलाई नई दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात कर सकते हैं। अटकलों के मुताबिक, अन्नामलाई 4 जून को अपने जन्मदिन पर अपनी राजनीतिक पार्टी लॉन्च कर सकते हैं। मदुरै और कोयंबटूर में उनके '2.0 अवतार' वाले पोस्टर भी सामने आए हैं, जिससे लोगों में यह आशंका पैदा हो गई है कि अन्नामलाई भाजपा से अलग हो सकते हैं।

**भारत व म्यांमार** यह यात्रा दोनों देशों के गहरे बौद्ध, धार्मिक और जन-जन के संबंधों को दर्शाती है

# भारत-म्यांमार में सुरक्षा और व्यापार बढ़ाने पर सहमति

● म्यांमार के राष्ट्रपति के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत और म्यांमार ने आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग तथा संपर्क सुविधाओं के विस्तार पर सहमति व्यक्त की है। आधारभूत परियोजनाओं को लागू करने तथा व्यापार एवं द्विपक्षीय सहयोग में बढ़ोतरी का भी फैसला किया गया है। इसके साथ ही पड़ोसी देश की ओर से आश्वासन दिया गया है कि भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ उसकी भूमि का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। चर्चा में व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, विकास सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

राष्ट्रपति ह्लाइंग 30 मई से 3 जून तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। अप्रैल 2026 में पद संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। मूल रूप से उन्हें 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' शिखर सम्मेलन में भाग लेना था, लेकिन सम्मेलन स्थगित होने के बाद इस अवसर का उपयोग द्विपक्षीय वार्ता के लिए किया गया। म्यांमार के राष्ट्रपति के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। इसमें पांच कैबिनेट मंत्री, तीन उपमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

वार्ता के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने मंत्रालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि दोनों पक्षों ने लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण बताया। इसके तहत कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा करने और भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के कालेवा-यागी खंड के जल्द निर्माण पर भी बल दिया गया।

सचिव के अनुसार भारत ने म्यांमार की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। वहीं म्यांमार के राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि म्यांमार की भूमि का इस्तेमाल भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि म्यांमार भारत का पड़ोसी देश है, जिसके साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा होती है। यह भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट', 'एक्ट ईस्ट', 'महासागर' और इंडो-पैसिफिक नीतियों के केंद्र में स्थित है। दिल्ली आगमन से पहले म्यांमार के राष्ट्रपति ने बिहार के महाबोधि मंदिर, महाबोधि धम्मईखा मठ और सुजाता मंदिर का दौरा किया।

# दृष्टिपात

## सुप्रीम कोर्ट को पांच नए जज मिले राष्ट्रपति ने नियुक्ति पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अगुवाई वाले कॉलेजियम ने हाल ही पांच नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को भेजी थी। इनमें चार अलग-अलग हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शामिल हैं, जबकि एक वरिष्ठ अधिवक्ता का नाम भी सूची में शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दे दी है। इसकी जानकारी केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दी। अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर लिखा, "भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद न्यायमूर्ति शील नागू (पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट), न्यायमूर्ति चंद्रशेखर (बॉम्बे हाईकोर्ट), न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा (मध्य प्रदेश हाईकोर्ट), न्यायमूर्ति अरुण पल्ली (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट) तथा वरिष्ठ अधिवक्ता वी. सुब्रमणि मोहना को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया है। मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं।" वी. सुब्रमणि मोहना उन चुनिंदा लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने वकालत से सीधे सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बनने तक का सफर तय किया है। वह ऐसे परिवार में जन्मीं, जिसका कानून के पेशे से कोई संबंध नहीं था। वर्ष 1983 में जब भारत में पहली बार पांच वर्षीय एकीकृत विधि पाठ्यक्रम शुरू किया गया।

## न्यायमूर्ति संजीव कुमार बने जम्मू-कश्मीर-लद्दाख हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति संजीव कुमार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। यह नियुक्ति मौजूदा मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली की सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति को मंजूरी मिलने के तुरंत बाद की गई है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। राष्ट्रपति ने जस्टिस संजीव कुमार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का कार्यवाहक चीफ जस्टिस नियुक्त कर दिया है। मौजूदा चीफ जस्टिस जस्टिस अरुण पल्ली को सुप्रीम कोर्ट का जज बना दिया गया है। इसलिए अब जस्टिस संजीव कुमार वहां चीफ जस्टिस का काम संभालेंगे। यह नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 223 के तहत की गई है। संविधान का अनुच्छेद 223 राष्ट्रपति को यह अधिकार देता है कि जब किसी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का पद खाली हो जाए या जब चीफ जस्टिस अपने काम करने में असमर्थ हों, तो वे किसी भी जूनियर जज को कार्यवाहक चीफ जस्टिस के तौर पर नियुक्त कर सकते हैं। इससे पहलेकेंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश पर न्यायमूर्ति अरुण पल्ली, तीन अन्य उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहन को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी।

## हरियाणा के सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टर ने नाबालिग का किया यौन शोषण, फरार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) जिला सिविल अस्पताल में एक नाबालिग के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोप एक सेवानिवृत्त डॉक्टर पर है, जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद दोबारा नियुक्त किया गया था। मामले की जानकारी सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी डॉ. शैलेंद्र कुमार शैली अस्पताल में प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हो चुके थे। हालांकि, सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सरकारी अस्पताल में सलाहकार (कंसल्टेंट) के रूप में दोबारा नियुक्त किया गया था। घटना के बाद से वह फरार बताए जा रहे हैं। पेट दर्द की शिकायत के बाद नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़िता और उसके परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के सलाहकार डॉक्टर शैलेंद्र शैली ने पहले उसे भर्ती कराया और बाद में अस्पताल के ओपीडी परिसर में उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बीच, राज्य सरकार ने आरोपी डॉक्टर की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। मामले के सामने आने के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया है और उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गई है।

## मेरिट में बेटियों का दबदबा, बेटों को उनसे सीखने की जरूरत : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची इस बात का प्रमाण है कि छात्राएं मेहनत, अनुशासन और समर्पण के दम पर लगातार



नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों की सफलता केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का भी आधार बनती है। लोकभवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई के राज्य स्तरीय कुल 223 मेधावियों को एक-एक लाख रुपए, टैबलेट, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान 11 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने मेरिट सूची में छात्राओं की बढ़ती संख्या का विशेष उल्लेख किया।

## 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनावों के लिए शुरू हुआ नामांकन

**नई दिल्ली।** 27 राज्यसभा सीटों (जिसमें द्विवार्षिक और उपचुनाव शामिल हैं) और तीन राज्यों की राज्य विधान परिषदों के चुनावों के लिए नामांकन प्रारंभ हो गए हैं। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने एक औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि अगर चुनाव में मुकाबला होता है तो मतदान 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा, जिसके बाद शाम 5 बजे वोटों की गिनती होगी। बयान में कहा गया, "आयोग ने चुनाव कार्यक्रम के संबंध में अधिसूचनाएं जारी कर दी हैं और रिटर्निंग अधिकारियों तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (द्विवार्षिक और उपचुनाव दोनों के लिए) की नियुक्ति कर दी है। नियुक्ति का विवरण सोमवार को भारत के राजपत्र/राज्य राजपत्रों में प्रकाशित किया गया है।" इसके साथ ही, इन सभी चुनावों के लिए नामांकन सोमवार को सुबह 11 बजे शुरू हो गए। चुनाव आयोग ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून, दोपहर 3 बजे तक है।

## 35 हजार से अधिक छात्रों, प्राध्यापकों ने सामूहिक योग कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में नेमावर रोड़ स्थित मालवांचल यूनिवर्सिटी इंदौर में सोमवार को आयोजित सामूहिक योग महोत्सव में 35 हजार से अधिक छात्रों, प्राध्यापकों ने सामूहिक योग कर विश्व रिकॉर्ड बना दिया। कार्यक्रम में योगगुरु पद्मश्री डॉ. एचआर नागेन्द्र की उपस्थिति में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संस्था को योग का विश्व रिकॉर्ड बनने पर प्रमाण-पत्र भेंट किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आयुष मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत देशभर में आयोजित किए जा रहे योग महोत्सव एवं काउंटडाउन कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत हो गई है। इसी के तहत सोमवार को इंदौर की मालवांचल यूनिवर्सिटी सामूहिक योग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के योगगुरू एवं एस. व्यासा यूनिवर्सिटी के कुलगुरू पद्मश्री डॉ. एचआर नागेन्द्र, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार, नागरिक और सामाजिक संगठन आदि शामिल हुए।

# गुजरात आईपीएल टीम की बस में शॉर्ट सर्किट

## धुआं उठने के बाद प्लेयर्स और स्टाफ को बाहर निकाला गया, सभी सुरक्षित





**अहमदाबाद** । आईपीएल 2026 फाइनल के बाद गुजरात टाइटंस की टीम बस शॉर्ट सर्किट हो गया। बस के अंदर धुआं फैलने लगा था। एहतियात के तौर पर सभी खिलाड़ियों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कुछ देर इंतजार के बाद दूसरी बस की व्यवस्था की गई और सभी को होटल पहुंचाया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। यह घटना रविवार देर रात हुई। जब टीम फाइनल खेलने के बाद अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम से होटल जा रही थी।

### ऑस्ट्रेलियाई उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड ने कोहली को सराहा, कहा-

# वो ऑस्ट्रेलिया में एक बड़ा नाम हैं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने दिग्गज भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया में एक बड़ा नाम बताया है। 'मनोबल' कार्यक्रम में अपनी भागीदारी के दौरान मार्ल्स ने दिग्गज भारतीय क्रिकेटर कपिल देव की प्रशंसा करते हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत संबंधों पर प्रकाश डाला। मार्ल्स ने कहा, "महान कपिल देव के बगल में खड़े होना बेहद रोमांचक है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध उच्च स्तर पर हैं। जीवन के प्रति हमारा साझा जुनून क्रिकेट के प्रति हमारे जुनून में समाहित है। इसके साथ ही रिचर्ड मार्ल्स ने 'रन-मशीन' विराट कोहली की तारीफ में कहा, "इस समय कोहली ऑस्ट्रेलिया में एक बड़ा नाम हैं, लेकिन जब मैं बड़ा हो रहा था, तब भारतीय क्रिकेट कप्तान



बिशन सिंह बेदी, उस दौर में महान नाम थे। क्रिकेट को लेकर दोनों देशों में समान रुचि है। आधुनिक दुनिया का नेतृत्व करने के तरीके में भी चुनौतियां समान हैं।

इसके साथ ही मार्ल्स ने आईपीएल में विराट कोहली की मैच जिताऊ पारी की तारीफ करते हुए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स जोश हेजलवुड और टिम डेविड के योगदान को भी सराहा है। ये दोनों ही ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल 2026 में आरसीबी के अभियान की हिस्सा थे। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में गुजरात टाइटंस को 155/8 के स्कोर पर रोकने के बाद आरसीबी ने 18 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच में विराट कोहली ने 42 गेंदों में 3 छक्कों और 9 चौकों के साथ 75 रन की नाबाद पारी खेली।

टिम डेविड ने 17 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 24 रन बनाए। वहीं, जोश हेजलवुड ने 4 ओवरों में 37 रन देकर 2 विकेट निकाले। मार्ल्स ने कहा, "बीती रात आरसीबी ने जीत हासिल की। विराट कोहली 75 रन बनाकर नाबाद रहे और उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मुझे यह बात पसंद आई कि उनके साथ जोश हेजलवुड और टिम डेविड भी थे। बीती रात आरसीबी की आईपीएल जीत में भी भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों की साफ झलक नजर आई।

# झारखंड वॉलीबॉल संघ के पूर्व उपाध्यक्ष विद्यानंद मिश्रा के निधन पर खेल जगत में गहरा शोक

### संघ ने बताया अपूरणीय क्षति, वॉलीबॉल के विकास में रहा महत्वपूर्ण योगदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड वॉलीबॉल संघ के पूर्व उपाध्यक्ष विद्यानंद मिश्रा के



निधन पर खेल जगत में गहरा शोक व्याप्त है। संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार उनका निधन कल संध्या दुखद रूप से हो गया। विद्यानंद मिश्रा पूर्व में एजी बिहार में कार्यरत रहे तथा बाद में भारतीय पुलिस सेवा में शामिल होकर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। झारखंड वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने राज्य में वॉलीबॉल खेल के विकास, खिलाड़ियों के प्रोत्साहन तथा खेल गतिविधियों के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संघ के संरक्षक शेखर बोस ने कहा कि विद्यानंद मिश्रा का जीवन खेल और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने झारखंड में वॉलीबॉल को मजबूत आधार देने में अहम भूमिका निभाई, जिससे खेल जगत को बड़ी क्षति हुई है।

उनके निधन पर संघ के चेयरमैन सुबोधकांत सहाय, अध्यक्ष आर.के. आनंद, वर्कशॉप प्रेसिडेंट सुनील सहाय सहित कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया। संघ के सभी पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक-संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**रांची।** रांची जिला वुशु एसोसिएशन एवं झारखंड वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा स्टेडियम स्थित वुशु हॉल में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष उदय साहु ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में झारखंड वुशु एसोसिएशन के सचिव श्री शैलेन्द्र दुबे, वुशु कोच श्री दीपक गोप सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। शिविर में रांची जिले के खिलाड़ियों के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को वुशु खेल की विभिन्न तकनीकों, कौशल एवं प्रतियोगितात्मक तैयारियों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## रांची जिला मुक्त टेबल टेनिस प्रतियोगिता छह से सात जून को

**रांची** । रांची जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी रांची जिला मुक्त टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का आयोजन छह और सात जून को यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी सभागार, एचबी रोड में किया जाएगा। प्रतियोगिता में पुरुष, महिला, बालक एवं बालिका वर्ग के विभिन्न आयु समूहों के साथ 40 वर्ष, 50 वर्ष और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए भी मुकाबले आयोजित होंगे। संघ की ओर से बताया गया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच उपलब्ध कराना तथा टेबल टेनिस को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबलों के साथ वरिष्ठ एवं मास्टर्स वर्ग की स्पर्धाएं भी आयोजित होंगी। प्रत्येक खिलाड़ी अपने आयु वर्ग सहित अधिकतम चार स्पर्धाओं में भाग ले सकेगा। अंडर-11 से अंडर-17 वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 200 रुपये, अंडर-19 एवं वरिष्ठ वर्ग के लिए 300 रुपये तथा मास्टर्स वर्ग के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है।

# आईसीसी ने क्रिकेट कनाडा की सदस्यता को सस्पेंड किया, खिलाड़ियों पर असर नहीं होगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईसीसी ने क्रिकेट कनाडा की सदस्यता को सस्पेंड कर दिया है। यह फैसला कनाडा बोर्ड द्वारा सदस्यता के नियमों और जिम्मेदारियों के उल्लंघन के कारण लिया गया है। हालांकि, आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड की कमियों का खामियाजा वहां के खिलाड़ियों को नहीं भुगतना पड़ेगा। काउंसिल ने यह फैसला 1 जून को अहमदाबाद में हुई एनुअल मीटिंग में लिया। आईसीसी ने पुष्टि की है कि सस्पेंशन की अवधि के दौरान भी कनाडा की नेशनल टीमें आईसीसी टूर्नामेंटों में खेलने के लिए योग्य रहेंगी। काउंसिल का मानना है कि जिन मुद्दों पर खिलाड़ियों का कोई नियंत्रण नहीं है, उनके लिए उन्हें सजा नहीं मिलनी चाहिए।



### आईसीसी मैनेजमेंट की निगरानी में मिलेगी फंडिंग

खिलाड़ियों के खेल में कोई रुकावट न आए, इसके लिए क्रिकेट कनाडा को आईसीसी की तरफ से फंडिंग मिलती रहेगी। हालांकि, इस बार फंडिंग का तरीका पूरी तरह से आईसीसी मैनेजमेंट के नियंत्रण में होगा। यह फंड केवल मंजूर किए गए नेशनल टीम प्रोग्राम्स के लिए ही इस्तेमाल किया जा सकेगा, ताकि इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम की तैयारी और भागीदारी बिना किसी रुकावट के जारी रहे।

### विवादों में घिरा है कनाडा क्रिकेट बोर्ड

क्रिकेट कनाडा पिछले कुछ समय से गवर्नेंस और ईमानदारी से जुड़े कई विवादों का सामना कर रहा है। पिछले दो सालों में बोर्ड खेल से ज्यादा विवादों के कारण चर्चा में रहा है।

इनमें से एक बड़ा मामला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए मैच से जुड़ा है, जिसकी जांच अभी भी आईसीसी की एंटी-करप्शन यूनिट कर रही है।

### पूर्व हेड कोच के ऑडियो लीक से बढ़े विवाद

बोर्ड के सामने एक और बड़ी मुसीबत पूर्व हेड कोच खुर्रम चौहान से जुड़ी है। पिछले साल एक फोन बातचीत का ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया था, जिसने क्रिकेट जगत में चिंताएं बढ़ा दीं। इस रिकॉर्डिंग में चौहान ने आरोप लगाया था कि क्रिकेट कनाडा के सीनियर अधिकारियों ने नेशनल स्क्वॉड में कुछ पसंदीदा खिलाड़ियों को शामिल कराने की कोशिश की थी। इसके साथ ही बातचीत में मैचों को मैनिपुलेट (फिक्स) करने के प्रयास के आरोप भी थे, जिसके बाद आईसीसी के इंटीग्रिटी अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी।

### सस्पेंशन हमेशा के लिए नहीं

यह सस्पेंशन परमानेंट यानी हमेशा के लिए नहीं है। आईसीसी क्रिकेट कनाडा को कुछ शर्तें सौंपेगी, जिन्हें सदस्यता वापस पाने के लिए पूरा करना होगा। बोर्ड में सुधारों और बदलावों के लिए आईसीसी की नॉर्मलाइजेशन कमेटी और आईसीसीमैनेजमेंट मिलकर नजर रखेंगे। इन शर्तों और आवश्यक गवर्नेंस रिफॉर्म्स से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही आईसीसी सदस्यता बहाल करेगी।

### जापान में झारखंड का गौरव

## अंडर -18 एशिया कप में झारखंड के बेटी नीतू कुमारी करेगी अंपायरिंग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** काकामीगहारा में चल रही महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस प्रतियोगिता में झारखंड की बेटी नीतू कुमारी ने अंपायरिंग कर राज्य का नाम रोशन किया है। नीतू कुमारी चाइनीज ताइपे और बांग्लादेश के बीच खेले गए पूल-बी मुकाबले में अंपायर की भूमिका निभा रही थीं। इससे पहले भी 29 मई को उन्होंने चीन और चाइनीज ताइपे के बीच हुए मैच में अंपायरिंग की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाई थी। यह प्रतियोगिता 29 मई से 6 जून तक जापान के काकामीगहारा में आयोजित की जा रही है, जिसमें भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमें भाग ले रही हैं। गर्व की बात यह है कि इन टीमों में झारखंड के कुल 8 खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। मैच के दौरान भोला नाथ सिंह, मोहम्मद तैयब इकराम, शेखर जे मनोहरन तथा एशिया हॉकी महासंघ के अन्य पदाधिकारी स्टेडियम में उपस्थित रहे। उन्होंने नीतू कुमारी के अंपायरिंग कार्य की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। खास बात यह रही कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैय्यब इकराम ने नीतू कुमारी के प्रदर्शन की प्रशंसा की, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। रांची जिला के हरदाग क्षेत्र की निवासी नीतू कुमारी झारखंड की दूसरी महिला अंपायर हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में यह उपलब्धि हासिल की है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# द्विपक्षीय व्यापार विस्तार में सीईपीए बनेगा महत्वपूर्ण माध्यम: पीयूष गोयल

**एजेंसी । नई दिल्ली**



- गोयल ने कहा कि भारत-ओमान संबंध हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत साझेदारी पर आधारित हैं
- दोनों देशों के बीच लगभग 5,000 वर्षों से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं

भारत और ओमान के बीच हुआ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट-सीईपीए) सोमवार से आधिकारिक रूप से लागू हो गया है। इस महत्वपूर्ण व्यापार समझौते के लागू होने के साथ ही दोनों देशों के आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसे भारत और ओमान के बीच सदियों पुराने भरोसे, मित्रता और साझेदारी का नया अध्याय बताया। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और ओमान का संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत साझेदारी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को अरब सागर जोड़ता है और 5,000 वर्षों से दोनों देशों के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब आधुनिक व्यापारिक व्यवस्थाएं और शुल्क प्रणाली अस्तित्व में नहीं थीं, तब भी गुजरात के व्यापारी मस्कट तक भारतीय वस्तुएं पहुंचाते थे। उन्होंने कहा कि सीईपीए केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच विश्वास, मित्रता और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओमान यात्रा के दौरान दोनों देशों के रिश्तों को नई मजबूती मिली। इस दौरान ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने प्रधानमंत्री मोदी को ओमान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान, फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया था। गोयल ने कहा कि यह सम्मान केवल प्रधानमंत्री मोदी का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

उन्होंने ओमान के लोगों और वहां की सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीढ़ियों से ओमान ने भारतीय समुदाय का अपने परिवार के सदस्य की तरह स्वागत किया है। वर्तमान में लगभग 7 लाख भारतीय मूल के लोग ओमान में रह रहे हैं और वहां की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया के 32 देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया जाना उनके वैश्विक नेतृत्व और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों से लेकर ग्लोबल साउथ तक प्रधानमंत्री मोदी संवाद, कूटनीति और शांति के समर्थक नेता के रूप में सम्मानित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सीईपीए लागू होने के पहले ही दिन से भारत को ओमान की 98 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुंच मिल जाएगी, जिससे भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह समझौता भारतीय उत्पादों को ओमान के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मस्कट में इस समझौते को दोनों देशों के साझा भविष्य का खाका बताया था और अब यह खाका वास्तविकता का रूप ले रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि समझौते के लागू होते ही भारत के विभिन्न हिस्सों से 10 से अधिक निर्यात खेपें रियायती शुल्क व्यवस्था के तहत ओमान भेजी जा चुकी हैं।

## आरबीआई अगली कुछ तिमाही तक ब्याज दरों को रख सकता है स्थिर



**नई दिल्ली** । भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति कमेटी (आरबीआई-एमपीसी) 3-5 जून तक होने वाली बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रख सकती है। इसकी वजह कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कारण महंगाई को लेकर चिंताओं में इजाफा होना है। यह जानकारी सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका-ईरान समझौते की उम्मीदों के चलते कच्चे तेल के बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड में 22 प्रतिशत की गिरावट हुई है, जिससे पिछले दो हफ्तों में भारत के एक्सटर्नल अकाउंट के आउटलुक में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। कंपनी ने कहा, "हमें उम्मीद है कि आरबीआई अगले हफ्ते ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है और यह भारत की कंजप्शन रिकवरी स्टोरी और आय साइकिल के लिए बहुत अच्छा है।

## वैश्विक अस्थिरता से भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 508 अंक फिसला



**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 508.40 अंक या 0.68 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,267.34 और निफ्टी 165.15 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,382.60 पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा गिरावट देखी गई। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 895.85 अंक या 1.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 60,827.95 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 159 अंक या 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,979.80 पर था। निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी ऑटो, निफ्टी कंजप्शन, निफ्टी एनर्जी और निफ्टी इन्फ्रा सबसे ज्यादा गिरने वाले सूचकांक थे। वहीं, निफ्टी आईटी, निफ्टी मीडिया और निफ्टी मेटल हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टीसीएस, इंडिगो, एचसीएल टेक और टाटा स्टील गेनर्स थे। एचयूएल, आईटीसी, एनटीपीसी, एमएंडएम, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, मारुति सुजुकी और बजाज फिनसर्व लूजर्स थे। एसबीआई सिक्योरिटीज के टेक्निकल और डेरिवेटिव्स रिसर्च प्रमुख सुदीप शाह ने कहा कि निफ्टी के लिए तत्काल समर्थन स्तर 23,250-23,230 के आसपास है।

# वित्त वर्ष 2027 की शुरुआत में भारत की खपत और आर्थिक गतिविधियां मजबूत

### वस्तुओं की कर योग्य आपूर्ति में हुई 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मजबूत घरेलू मांग के चलते वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआती अवधि में भारत की खपत और आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी रहीं। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि अप्रैल में वस्तुओं (गुड्स) की कर योग्य आपूर्ति में 27 प्रतिशत और सेवाओं (सर्विसेज) की कर योग्य आपूर्ति में 22.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2026 में वस्तुओं के सभी क्षेत्रों की कर योग्य आपूर्ति सालाना आधार पर 26.9 प्रतिशत बढ़कर 40.10 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 31.61 लाख करोड़ रुपए थी। इसमें सभी 27 कमोडिटी समूहों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। मई में दाखिल किए गए जीएसटी रिटर्न में रिपोर्ट किए गए अप्रैल के आंकड़ों से पता चला कि कृषि, विनिर्माण, रसायन, धातु, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं सहित



लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि व्यापक रूप से देखने को मिली। इसके अलावा, सोना और कीमती धातुओं से जुड़े क्षेत्रों में कर योग्य आपूर्ति 46.9 प्रतिशत बढ़ी, जबकि इलेक्ट्रिक मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के क्षेत्र में 34.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दूरसंचार उपकरणों की कर योग्य आपूर्ति 24.6 प्रतिशत बढ़ी। वहीं, यात्री वाहन और बसों के क्षेत्र में 21.3 प्रतिशत तथा तैयार खाद्य उत्पादों (प्रिपेयर्ड फूड प्रोडक्ट्स) में 27.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी, दिल्ली में 42 रुपए महंगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। सोमवार से लागू हुई नई कीमतों के मुताबिक, दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 42 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में अब 3,113.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। वहीं, कोलकाता में और भी ज्यादा बढ़ोतरी की गई है। कोलकाता में 53.50 रुपये का इजाफा हुआ है।

जिससे कीमत बढ़कर 3,255.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। ईंधन और ट्रांसपोर्टेशन के बढ़े खर्चों की वजह से कीमतों में इजाफा किया गया है। तेल मार्केटिंग कंपनियों ने 5



किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की कीमत में भी 11 रुपये की बढ़ोतरी की है। दिल्ली में, 5 किलो वाले एफटीएल सिलेंडर की कीमत अब 821.50 रुपये होगी। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली है।

## साइकिलिंग को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# 20 जून को आयोजित होगी साइकिल जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**



**डाल्टनगंज।** साइकिलिंग संस्कृति को बढ़ावा देने, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं और बच्चों को खेल एवं शारीरिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से 31 मई 2026 को आरडीएस होटल, जेलहाटा, डाल्टनगंज में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष श्री संजय रंजन सिंह (IPS) ने की तथा संचालन महासचिव श्री रत्थिन भद्रा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश एवं अन्य व्यावहारिक कारणों को देखते हुए पूर्व निर्धारित साइकिल रैली की तिथि को आगे बढ़ाकर अब 20 जून 2026 (शनिवार) निर्धारित किया जाए। रैली के मार्ग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व में प्रस्तावित मार्ग ब्राइटलैंड स्कूल, बेरिया चौक एवं बिस्फुटा पुल होते हुए पुलिस लाइन तक था, किन्तु अध्यक्ष श्री संजय रंजन सिंह के सुझाव पर इसे शहर के मुख्य मार्गों से निकालने का निर्णय लिया गया ताकि अधिक से अधिक नागरिकों तक साइकिलिंग, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंच सके। नए निर्धारित मार्ग के अनुसार रैली शिवाजी मैदान से प्रारंभ होकर नवाटोली, मेयर आवास, कचहरी चौक होते हुए पुलिस लाइन स्टेडियम में सम्पन्न होगी। सभी प्रतिभागियों के लिए सुबह 5:30 बजे रिपोर्टिंग समय तथा 6:00 बजे रैली प्रारंभ होने का समय निर्धारित किया गया है। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि यह कार्यक्रम केवल विद्यालयी बच्चों तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें पुलिस विभाग, बैंक कर्मियों, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा आम नागरिकों सहित सभी इच्छुक लोगों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री संजय रंजन सिंह (IPS) ने साइकिलिंग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज को पुनः उस दौर की ओर लौटने की आवश्यकता है जब साइकिल दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि लगभग 40 वर्ष पूर्व अधिकांश लोग नियमित रूप से साइकिल का उपयोग करते थे, जिसके कारण लोग अधिक स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित जीवन जीते थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों, पर्यावरणीय चुनौतियों और शारीरिक निष्क्रियता के बीच साइकिलिंग एक सरल, सुलभ एवं प्रभावी समाधान के रूप में उभर सकती है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रदूषण, ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए साइकिलिंग को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। महासचिव श्री रत्थिन भद्रा ने अपने संबोधन में बच्चों और युवाओं को मोबाइल फोन एवं डिजिटल स्क्रीन की बढ़ती निर्भरता से बाहर निकालकर वास्तविक खेल गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों का शारीरिक गतिविधियों से दूर होना चिंता का विषय है। खेल और साइकिलिंग जैसी गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि मानसिक विकास, आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा देती हैं।

### राउरकेला में प्रवासी मजदूर की मौत, गांव में शोक

**हैदरनगर।** प्रखंड के कबरा कला गांव निवासी 35 वर्षीय घनश्याम पासवान की ओडिशा के राउरकेला में मौत हो जाने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार घनश्याम पासवान रोजी-रोटी की तलाश में राउरकेला स्थित एक निजी प्लांट में मजदूर के रूप में कार्यरत थे। घटना के बाद उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया, जहां कबरा कला स्थित सोन नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए हैं। पंचायत मुखिया कमल कुमार पासवान एवं पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# डॉ कौशल व मुखिया पूनम ने वन राखी आंदोलन की स्वर्ण जयंती पर निकाली प्रभातफेरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** वन संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे वन राखी आंदोलन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को छतरपुर क्षेत्र के केरकी कुटिया, मोहन बांध गुनिया टांग, मोहनलाल खुर्जा, पार्वती देवी पार्क एवं केरकी खुर्द में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरणविद् डॉ. कौशल किशोर जायसवाल एवं डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन, राष्ट्रगान एवं पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ बरगद का पौधा रोपित कर किया गया। इसके बाद करीब 10 गांवों से पहुंचे लगभग 500 वन राखी मूवमेंट कार्यकर्ताओं ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को वनों की कटाई रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पेड़ों की रक्षा का संकल्प भी लिया गया। डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण धर्म और वन राखी आंदोलन मानव जीवन का आधार है। आधुनिक सुख-सुविधाओं का सीमित उपयोग कर प्रदूषण को कम करना आज की आवश्यकता है। वहीं मुखिया पूनम जायसवाल ने महिलाओं से पौधों को अपने बच्चों की तरह लगाकर उनकी देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. कौशल ने पुरुष पर्यावरण प्रेमियों तथा मुखिया पूनम जायसवाल ने महिला पर्यावरण प्रेमियों को फलदार पौधा एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपिल सिंह ने की, जबकि संचालन शिवनाथ सुरीला ने किया। मौके पर बनारसी कुंवर, पूर्व उपमुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, सोहर जायसवाल, नागेश्वर सिंह, श्याम बिहारी सिंह, रामजी सिंह, रामप्रवेश भुइयां, मनोज गुप्ता, सत्या सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

# गम्हरिया में भीषण सड़क हादसा, ऑटो व बोरवेल ट्रक की टक्कर में वृद्ध की मौत

## पांच घायल, दो बच्चों को भी लगी चोट; आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर सोमवार सुबह गम्हरिया गांव के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में दो बच्चों को भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ऑटो में दो बच्चों समेत आठ लोग सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान गम्हरिया के पास एक बोरवेल ट्रक और ऑटो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोरियाथान निवासी 65 वर्षीय चंद्रिका यादव का पैर कटकर अलग हो गया। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में समसुन बीबी (65), पीर मोहम्मद (35), समीरा खातून (30), लालदेव (36), सरिता देवी (54) समेत अन्य लोग शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल समसुन बीबी और पीर मोहम्मद को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में अभिषेक कुमार (10) सहित दो बच्चों को भी चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के लिए सड़क किनारे पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। ग्रामीणों ने दावा किया कि लगभग 15 दिन पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से सड़क की बदहाल स्थिति और संभावित दुर्घटना की आशंका को प्रमुखता से उठाया गया था। बावजूद इसके समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### अधिकारियों के प्रयास से करीब दो घंटे बाद सड़क जाम समाप्त

ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क किनारे मिट्टी को ऊंचा छोड़ दिया गया, जिससे सड़क संकरी और असुरक्षित हो गई। उनका कहना है कि इसी कारण दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार और थाना प्रभारी चंदन कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के प्रयास से करीब दो घंटे बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया और यातायात बहाल हुआ।

### हैदरनगर ग्रामीण फीडर की बिजली आज रहेगी बाधित



**हैदरनगर।** चौकड़ी स्थित विद्युत सब स्टेशन से संचालित हैदरनगर ग्रामीण फीडर की बिजली आपूर्ति मंगलवार को कुछ घंटों के लिए बाधित रहेगी। विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने बताया कि मरम्मत एवं तकनीकी कार्यों के कारण मंगलवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ग्रामीण फीडर से विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि इस दौरान आवश्यक तकनीकी खामियों को दूर किया जाएगा, जिससे भविष्य में बिजली आपूर्ति अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# आंधी-बारिश में जलमीनार का सोलर पैनल क्षतिग्रस्त, पेयजल संकट गहराया

- ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर शीघ्र मरम्मत की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज (पलामू)।** स्थानीय स्टेशन रोड स्थित जगदेव चौक के समीप बने जलमीनार का सोलर पैनल तेज आंधी और बारिश में क्षतिग्रस्त हो जाने से दैनिक बाजार क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। जलापूर्ति ठप होने से स्थानीय ग्रामीणों, दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार 29 मई की सुबह आई तेज आंधी-बारिश के दौरान जलमीनार का सोलर पैनल स्टैंड सहित जमीन पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके कारण मोटर का संचालन बंद हो गया और जलापूर्ति बाधित हो गई। इसी जलमीनार से स्कूल परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को भी पेयजल उपलब्ध कराया जाता है।समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार को सौंपकर सोलर पैनल सिस्टम की शीघ्र मरम्मत अथवा नए पैनल की स्थापना की मांग की है। इसकी जानकारी मुखिया कमला देवी, प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी एवं जिला परिषद सदस्य अंजू देवी को भी दी गई है। ब्लॉक वॉश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि बीडीओ के निर्देश पर विभागीय जूनियर इंजीनियर वीरेंद्र सिंह से समन्वय कर समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा, ताकि पेयजल आपूर्ति बहाल हो सके।

# जनगणना 2027 में खरौंधी का सर्किल-001 बना मिसाल समय से पहले पूरा हुआ मकान सूचीकरण कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी (गढ़वा)।** जनगणना 2027 के तहत चल रहे मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य में खरौंधी प्रखंड का सर्किल संख्या-001 एक मिसाल बनकर उभरा है। निर्धारित समय-सीमा से पूर्व ही इस सर्किल का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। इस उपलब्धि का श्रेय पर्यवेक्षक ओम प्रकाश यादव एवं उनके नेतृत्व में कार्यरत प्रगणकों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण को दिया जा रहा है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 16 मई से 15 जून तक संचालित किया जा रहा है। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर परिवारों एवं आवासों से संबंधित आवश्यक जानकारियां एकत्रित कर रहे हैं। सर्किल-001 की टीम ने लक्ष्य से पहले कार्य पूर्ण कर उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। पर्यवेक्षक ओम प्रकाश यादव ने बताया कि टीम के सभी सदस्यों के सहयोग तथा स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी के कारण यह कार्य समय से पूर्व पूरा हो सका।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रंका में वन वंदना कार्यक्रम शुरू



**रंका।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रंका स्थित जैव विविधता पार्क में 1 जून से 5 जून तक वन वंदना कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का संचालन वन विभाग के कर्मियों के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिभागियों ने पार्क परिसर में श्रमदान कर रंगमंच, बाल वन और अन्य स्थलों की साफ-सफाई की। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे जनआंदोलन का रूप देना आवश्यक है। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए कई निर्देश

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य एवं जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, एचपीवी टीकाकरण, आयुष्मान भारत, टीबी उन्मूलन, सिकल सेल स्क्रीनिंग, एम्बुलेंस सेवा एवं डिजिटल स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण अभियान में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने, अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया।

## पेज एक के शेष

### सीएम ने कांटाटोली...

पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सोरेन के औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हलचल मच गई। उच्च अधिकारियों को तत्काल स्थिति की जानकारी दी गई और ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए। हालांकि, रविवार होने के कारण सामान्य दिनों की अपेक्षा सड़कों पर यातायात का दबाव अपेक्षाकृत कम था।

### यातायात व्यवस्था को...

अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों तथा अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पैदल यात्रियों के लिए निर्धारित मार्गों पर वाहन खड़े करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। साथ ही, पार्किंग स्टैंड में खड़े वाहनों को व्यवस्थित ढंग से पार्क कराने के निर्देश दिए गए। एसएसपी राकेश रंजन ने ट्रैफिक पोस्टों पर तैनात अधिकारियों और जवानों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए यातायात संचालन को और बेहतर बनाने तथा आम जनता की सुविधा को प्राथमिकता देने को कहा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक, संबंधित थाना प्रभारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कल्याणकारी योजनाओं का...

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से यह जानने का प्रयास किया कि लाभुकों को व्यवसाय संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई तो नहीं हो रही है तथा बैंकिंग संस्थानों द्वारा उन्हें समुचित सहयोग मिल रहा है या नहीं। संवाद के दौरान लाभुकों ने योजना के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना उनके लिए आत्मनिर्भर बनने का एक सशक्त माध्यम साबित हुई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वरोजगार स्थापित कर न केवल अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। साथ ही, उन्होंने लाभुकों के लिए नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया, जिससे वे अपने व्यवसाय को बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने लाभुकों से निरंतर संवाद एवं फीडबैक प्राप्त करने के उद्देश्य से कॉल सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के माध्यम से लाभुकों की समस्याओं की नियमित मॉनीटरिंग की जा सकेगी तथा आवश्यकतानुसार उन्हें मार्गदर्शन एवं सहायता भी उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे योजना का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख हो सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक के दौरान गढ़वा, देवघर एवं साहिबगंज जिलों में निर्मित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने इन विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, आधारभूत संरचना, छात्र-छात्राओं की नामांकन स्थिति तथा संचालन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि इन संस्थानों का संचालन उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही, राज्य में स्वीकृत एवं संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता, आवासीय सुविधाएं, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सोरेन ने निमार्णाधीन छात्रावासों एवं आदिवासी हॉस्टलों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि इन सभी संस्थानों में स्वच्छ पेयजल, बिजली, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों एवं हॉस्टलों में रहने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वस्थ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने एनजीओ संचालित आश्रम विद्यालयों एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विद्यालयों के प्राचार्यों से संवाद कर उन्होंने संचालन व्यवस्था, अवसंरचना एवं प्रबंधन से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की। मुख्यमंत्री सोरेन ने शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्देश दिया कि विद्यालयों में विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) एवं जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इन विषयों के प्रति जागरूक कर उन्हें समाज में सूचना के वाहक के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे वे अपने परिवार एवं समुदाय को भी इन महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक कर सकें। इसके लिए विद्यालय स्तर पर कार्यशालाएं, जागरूकता सत्र एवं विशेष अभियान संचालित किए जाने पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक एवं पारंपरिक सामुदायिक संरचनाओं से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कब्रिस्तान घेराबंदी कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि संबंधित समुदायों को आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने मांझी, परगना, पड़हा, मानकी-मुंडा एवं धुमकुड़िया भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि ये भवन पारंपरिक सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, विभागीय सचिव कृपानंद झा एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### रांची में 30.50...

बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 30.50 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद गांजा एवं अन्य सामग्री को जब्त कर तीनों आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए लिखित प्राथमिकी के साथ जीआरपी रांची को सुपुर्द कर दिया गया है। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर शिशुपाल कुमार, इंस्पेक्टर लालबहादुर, एएसआई योगेंद्र कुमार, एएसआई अनिल कुमार, एएसआई अभिषेक कुमार, स्टाफ एजे अंसारी, आरके सिंह, हेमंत तथा छोटे कुमार सिंह शामिल थे।

### कुमारडुंगी में डायन...

प्रारंभिक जांच और ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने संदेह के आधार पर पुडुवा सिंकू उर्फ चौके को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से शुरू गोप पर डायन होने का आरोप लगाता था। उसका मानना था कि उसके बच्चों की बीमारी के पीछे महिला का हाथ है। इसी अंधविश्वास के कारण वह पहले भी महिला को लेकर आरोप-प्रत्यारोप करता रहा था। परिजनों का कहना है कि इसी शक के चलते उसने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। कुमारडुंगी थाना प्रभारी विनोद पासवान ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में घटना अंधविश्वास और डायन-बिसाही से जुड़ी प्रतीत हो रही है, लेकिन सभी तथ्यों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है।

### चक्रधरपुर की गुलकेड़ा...

तथा घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हत्या के पीछे की वजहों का पता लगाने के लिए सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुरानी रंजिश, व्यक्तिगत विवाद समेत अन्य बिंदुओं को भी जांच के दायरे में रखा गया है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। संजय बोयपाई अपने पीछे पत्नी मरियम बोयपाई, 18 वर्षीय पुत्र आकाश बोयपाई और 15 वर्षीय पुत्री शीतल बोयपाई को छोड़ गए हैं। उनकी हत्या की खबर से परिवार सदमे में है और गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### खाद्य विरासत को...

उप समिति की चेयरपर्सन माला कुजूर ने कहा कि आम महोत्सव के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने, किसानों एवं महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य की पारंपरिक खाद्य विरासत को नई पहचान दिलाने का सार्थक प्रयास किया गया है। भविष्य में इस प्रकार के आयोजन और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं जनजातीय उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य तुलसी पटेल, मुकेश अग्रवाल, अमित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री, उप समिति की चेयरपर्सन माला कुजूर, सदस्य रिंकू मुरारका, कुमारी प्रिया, रूपा कुमारी, सुमन देवी, उषारानी मिंज, संगीता सिंघल, पूनम सिंह, सीमा लकड़ा, अनिमेष मिंज, तेजविंदर सिंह, अजित पाठक, आनंद जालान, राजीव चौधरी, संजय सिंह, अलोक सिंह, शिल्पा केजरीवाल, हर्ष मिंज सहित कई प्रतिभागी शामिल थे।




# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी ब्रह्मोस, आकाश और नेत्र खरीदने में कई देश रुचि दिखा रहे

**21,000 करोड़ की डील**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62% ज्यादा है।

ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है।




**100 से ज्यादा देशों को 38,424 करोड़ रु का निर्यात**

भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख हैं। अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है जहां 2.8 अरब डॉलर के प्रणाली व कल्पुर्जे बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को जाते हैं। अर्मेनिया जैसे देश पूरे तैयार हथियार खरीद रहे। सरकार ने 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। 2016-17 में यह मात्र 1,522 करोड़ रुपए था। यानी एक दशक से कम समय में इसमें 25 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मिले वैश्विक ध्यान ने इस लक्ष्य को और तेज गति देने के संकेत दिए हैं।

# एयर मार्शल तरुण चौधरी ने संभाला कमांडिंग-इन-चीफ का कार्यभार

**एजेंसी । प्रयागराज**



भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी एयर मार्शल तरुण चौधरी ने 1 जून 2026 को मध्य वायु कमान मुख्यालय के वायु अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एयर मार्शल बालकृष्णन मणिकंटन का स्थान लिया, जो 40 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हुए। एयर मार्शल तरुण चौधरी को दिसंबर 1989 में भारतीय वायु सेना की लड़ाकू विमान शाखा में कमीशन मिला था।

वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ महाविद्यालय, वायु युद्ध-पद्धति महाविद्यालय और राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। अपने लंबे और प्रतिष्ठित सैन्य करियर के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण परिचालन, प्रशासनिक और राजनयिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उन्होंने स्वीडन स्थित भारतीय दूतावास में रक्षा अताशे के रूप में भी सेवाएं दी हैं तथा नॉर्वे, फिनलैंड और डेनमार्क के लिए समवर्ती जिम्मेदारियां संभाली हैं। इसके अलावा एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय और वायु सेना मुख्यालय में विभिन्न परियोजनाओं, अधिग्रहण प्रक्रियाओं और मानव संसाधन प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। एयर मार्शल चौधरी ने भारतीय वायु सेना की क्षमता वृद्धि और भविष्य की आधुनिक तकनीकों के समावेश से जुड़ी कई परिवर्तनकारी परियोजनाओं का नेतृत्व किया है। मध्य वायु कमान का कार्यभार संभालने से पूर्व वे दक्षिणी वायु कमान मुख्यालय में वरिष्ठ वायु स्टाफ अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उनके नेतृत्व में मध्य वायु कमान के संचालन और आधुनिकीकरण को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। भारतीय वायु सेना के अधिकारियों और जवानों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

